6. भारत सरकार एवं विधानमंउल से प्राप्त सभी पत्रों को समयानुसार निष्पादित कर हरेक अनुमोदित उत्तर प्रारुप पर दैनिकी संख्या चढ़ाना, उत्तर के लिए सजग रहना ।
7. माँगी गयी विषयों एवं मामलों को सूची संधारित करना एवं सुलभ कराना ।
8. प्रशाखा पदाधिकारी के आदेशानुसार कार्य करना ।

(G) विपत्र लिपिक का कर्तव्य–

1. लेखा संबंधी सभी तरह का कार्य ।
2. लेखा संबंधी कार्यालय अभिलेख/पंजी/तथा वेतन भरपाई पंजी का संधारन ।
3. सभी तरह के विपत्रों को तैयार कर विपत्र की जाँच कर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के समक्ष हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत करना ।
4. विपत्र को मैसेंजर पंजी पर अंकित कर पारित करने हेतु कोषागार प्रेषित करना ।
5. सभी तरह के आवंटन पंजी तथा अग्रिम पंजी का संधारण करना। कार्यालय के सभी पदाधिकारी/कर्मचारियों की वेतन विपत्र तैयार कर पारित करने हेतु कोषागार प्रेषित करना । कार्यालय/कोषागार तथा बैंक के बीच समन्वय स्थापित करना ।
6. लेखा के पदाधिकारी के निदेशानुसार अन्य कार्य करना तथा उनके आदेशों को पालन करना । विभागीय कैश बुक तथा रोकड़ का संधारण ।

नोटः– कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के पत्रांक 12298 दिनांक 02. 12.2006 के आलोक में विभागीय ज्ञाप पत्रांक 64 दिनांक 04.01.2007 द्वारा विभाग में कार्यरत्त टंकक/ विपत्र लिपिक एवं दिनर्चया लिपिक के सभी पद उच्च वर्गीय लिपिक के पदनाम से पदनामित किया जा चुका है । परंतु अभी तक उच्च वर्गीय लिपिक के कार्य तथा कत्वर्य को कार्मिक विभाग से परमिाणित नही किया गया है ।

(H) ट्रेजरी सरकार–

कार्यालय के लेखा शाखा में सभी तरह के तैयार विषयों को मैसेजर पंजी पर अंकित करना सबंधित कोषागार में प्रस्तुत करना । विपत्र को पारित करा कैश की राशि को लाकर विभागीय रोकड़पाल के पास देना । रोकड़पाल तथा लेखा लिपिक के निदेशानुसार अन्य कार्य करना ।

(I) शोध सहायक–

योजना एवं विकास विभाग के योजना एवं पंचवर्षीय योजना के संबंधित कार्य/प्रारुप सूत्रण का कार्य विभागीय समन्वय

पटल का कार्य/राष्ट्रीय सम विकास योजना संबंधी कार्य/योजना आयोग तथा भारत सरकार के प्राप्त पत्रों का निष्पादन विभिन्न परियोजना से संबंधित कार्य/इसके अतिरिक्त उच्च पदाधिकारियों के आदेशानुसार सौंपे गए अन्य कार्य ।

अध्याय 3

विनिश्चय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया जिसमें पर्यवेक्षण एवं उत्तरदायित्व के माध्यम सम्मिलित है ।

योजना एवं विकास विभाग के अंतर्गत विभागीय योजनाओं के सूत्रण, स्वीकृति एवं अनुश्रवण के लिए वित्त विभाग के पत्र संख्या 5685 दिनांक 08.10.2005 के संदर्भ में का0आ0सं0 149 दिनांक 21.04.2006 के द्वारा निर्धारित किया गया है। दोनों संदर्भित पत्रों की अनुलग्नक 1 एवं 2के रुप में संलग्न है ।

अनुलग्नक 1

बिहार सरकार
वित्त विभाग
संकल्प

पत्रांक: एम04-45/94-पार्ट-1-5685वि(2), पटना, दिनांक 08 अक्टूबर, 2005

विषय: योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया एवं शक्तियों के प्रत्यायोजन ।

प्रसंग: (i) वित्त विभाग संकल्प संख्या-2046 दिनांक 14.03.1986 ।
(ii) वित्त विभाग संकल्प संख्या-4592 दिनांक 29.07.1987 ।
(iii) मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग संकल्प संख्या-1611 दिनांक 06.05.1994 ।
(iv) वित्त विभाग संकल्प संख्या-301 दिनांक 31.01.1995 ।
(v) मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग संकल्प संख्या-537 दिनांक 11.03.2005 ।
(vi) मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग संकल्प संख्या-558 दिनांक 14.03.2005 ।
(vii) वित्त विभाग पत्रांक-2218 दिनांक 16.03.2002 ।
(viii) बिहार वित्तीय नियमावली का नियम 59 एवं 60 ।

उपर्युक्त प्रसंग(i) के द्वारा विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार को प्रणाली एवं व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत किये गये थे तथा कार्यो के त्वरित निष्पादन हेतु सरकारी विभागों की शक्तियों में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया था ।

2. उपर्युक्त प्रसंग(ii)के द्वारा प्रसंग(i) में प्रत्यायोजित शक्तियों के संबंध में कतिपय शंकाओं एवं मतभेदों को देखते हुए संशांधन किए गए थे ।

3. उपर्युक्त प्रसंग(iii)के द्वारा योजना एवं बाह्य पोषित योजनाओं (विश्व बैंक सहित) की समीक्षा एवं स्वीकृति के लिए प्राधिकृत समितियों का पुनर्गठन किया गया था ।

4. उपर्युक्त प्रसंग(iv)के द्वारा प्राधिकृत समिति द्वारा अनुशंसित योजनाओं के लिए संलेख एवं स्वीकृत्यादेश प्रारुप में बिना वित्त विभाग में संचिका भेजे आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से कार्रवाई करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए थे ।

5. उपर्युक्त प्रसंग(v)के द्वारा बिहार कार्यपालक नियमावली, 2005 प्रख्यापित की गई थी जिसके नियम संख्या 32 में योजना मद में योजनाओं की स्वीकृति एवं समीक्षा के लिए प्राधिकृत समिति के गठन का प्रावधान किया गया था । नियम 16 में वित्त विभाग को वित्त विभाग की सहमति आदि के संबंध में सामान्य अथवा विशेष निर्देश देने तथा नियम बनाने का प्रावधान किया गया है।

6. उपर्युक्त प्रसंग(vi)के द्वारा प्राधिकृत समिति का गठन किया गया है।

7. उपर्युक्त प्रसंग(vii)के द्वारा महालेखाकार के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता वाले मामलों के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया है ।

8. उपर्युक्त प्रसंग(viii)में वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन का प्रावधान किया गया है ।

9. प्राधिकृत समितियों के गठन तथा वित्त विभाग द्वारा प्रत्यायोजित शक्तियों संबंधी आदेश में विसंगतियाँ/अस्पष्टताएँ हैं । इन कारणों से विभागों द्वारा प्रत्यायोजित शक्तियों का उपयोग नहीं हो पा रहा है और योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया में अस्पष्टता बनी हुई है । चालू तथा नई योजनाओं की परिभाषा में अस्पष्टता है । इसके अतिरिक्त यह भी अनुभव किया गया है कि शक्तियों का प्रत्यायोजन एक ही स्तर से किया जाय जिससे आदेशों में विसंगतियाँ नहीं आयें तथा एकरुपता बनी रहे ।

10. उपर्युक्त उद्देश्य से सरकार द्वारा पूर्व में गठित समितियों की अनुशंसाओं तथा केन्द्र सरकार में इस संबंध में व्यवस्था पर विचारोपरांत योजना मद में चालू एवं नई योजनाओं की समीक्षा (Appraisal) एवं स्वीकृति(Approval) के लिए निम्न व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है:-

(i) समीक्षा समितियाँ(AppraisalCommittees)

विभागीय स्थायी वित्त समिति:-

विभागीय आयुक्त एवं सचिव/सचिव की अध्यक्षता में विभागीय स्थायी वित्त समिति(Standing Financial Committee) में निम्न सदस्य होंगे:-

(क) विभागीय आयुक्त एवं सचिव/सचिव - अध्यक्ष
(ख) आंतरिक वित्तीय सलाहकार - सदस्य
(ग) योजना संबंधी प्रशाखा के संयुक्त सचिव - सदस्य

सचिव अथवा आंतरिक वित्तीय सलाहकार यदि चाहें तो योजना एवं विकास विभाग, वित्त विभाग तथा किसी अन्य विभाग के प्रतिनिधि को भी आमंत्रित कर सकते हैं ।

विभागीय व्यय वित्त समिति:-

विभागीय व्यय वित्त समिति(Departmental Expenditure Finance Committee) में निम्न सदस्य होंगे:-

(क) विभागीय आयुक्त एवं सचिव/सचिव - अध्यक्ष
(ख) सचिव, योजना एवं विकास विभाग/प्रतिनिधि - सदस्य
(ग) वित्त आयुक्त/अपर वित्त आयुक्त/प्रतिनिधि - सदस्य
(घ) विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार - सदस्य सचिव

प्राधिकृत समिति:-

विकास आयुक्त की अध्यक्षता में प्राधिकृत समिति वर्तमान की तरह रहेगी

(क) विकास आयुक्त - अध्यक्ष
(ख) वित्त आयुक्त/अपर वित्त आयुक्त - सदस्य
(ग) आयुक्त-सह-सचिव/सचिव, योजना एवं विकास विभाग-सदस्य सचिव
(घ) संबंधित विभागीय आयुक्त-सह-सचिव/सचिव - सदस्य
(ड़) संबंधित विभागाध्यक्ष - सदस्य

(ii) यह व्यवस्था योजना मद में योजनाओं की समीक्षा(Appraisal)एवं स्वीकृति(Approval) के लिए ही है ।

(iii) चालू योजना वही मानी जाएगी जिसकी पूर्व में स्वीकृति दी जा चुकी हो लेकिन स्वीकृति राशि के विरुद्ध पूर्ण राशि आवंटित नहीं की गई है ।

(iv) लेकिन ऐसी योजनाएँ चालू नहीं मानी जायेंगी जिनमें अवधि विस्तार पिछले वर्ष तक के लिए ही किया गया हो । यदि किसी योजना में अवधि विस्तार किया जाना है तो यह नई योजना ही मानी जाएगी।

(v) यदि किसी नई योजना में पद सृजन/उत्क्रमण अथवा वाहनों का क्रय शामिल हो तो उक्त योजना की समीक्षा प्राधिकृत समिति द्वारा अनुमोदन मंत्रिपरिषद् द्वारा किया जायेगा ।

(vi) यदि योजनाओं के अवधि विस्तार में पदों का भी अवधि विस्तार है तो यह नई योजना के अंतर्गत पद सृजन का मामला होगा । अत: इसमें प्राधिकृत समिति द्वारा समीक्षा तथा मंत्रिपरिषद् का अनुमोदन प्राप्त करना होगा । प्रशासी विभाग यदि चाहे तो ऐसी योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार औचित्य के साथ एक से अधिक वर्षो के लिए अवधि विस्तार का प्रस्ताव प्राधिकृत समिति की समीक्षा तथा मंत्रिपरिषद् के अनुमोदन के लिए ला सकता है । सक्षम स्तर से अनुमोदन हो जाने पर योजना आगामी वर्षो के लिए चालू योजना की श्रेणी में मानी जायेगी ।

(vii) स्थायी अथवा अस्थायी पदों के सृजन, वाहनों का क्रय, विशेष आकस्मिकता आदि के लिए मितव्ययिता परिपत्रों का पालन अनिवार्य होगा ।

(viii) चालू योजनाओं को पूर्ण करने के लिए अथवा उन पर प्रतिबद्धता की राशि को प्राथमिकता दी जाएगी तत्पश्चात् ही अवशेष योजना उद्व्यय और बजट उपबंध में अंतर्गत नई योजनाओं की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा । नई योजनाएँ उतनी ही लागत की ली जायें जिनपर वर्तमान वर्ष में प्रस्तावित व्यय अवशेष योजना और बजट उपबंध के अंतर्गत ही हो और योजना के लिए शेष राशि के लिए आगामी वर्ष में योजना एवं बजट उपबंध की उपलब्धता हो ।

(ix) योजना मद में नई योजना स्कीम:-

क्रम संख्या	**योजना का लागत**	**समीक्षा प्राधिकार**	**स्वीकृत प्राधिकार**	**अभ्युक्ति**

1	2	3	4	5
1	50 लाख तक	प्रशासी विभाग	विभागीय सचिव	
2	50 लाख से 2.50 करोड़ तक	विभागीय स्थायी वित्त समिति	विभागीय मंत्री	विभागीय सचिव की अध्यक्षता में
3	2.50 करोड़ से 5.00 करोड़ तक	विभागीय व्यय वित्त समिति	विभागीय मंत्री	विभागीय सचिव की अध्यक्षता में
4	5.00 करोड़ से 10.00 करोड़ तक	विभागीय व्यय वित्त समिति	विभागीय मंत्री तथा वित्त मंत्री	विभागीय सचिव की अध्यक्षता में
5	10.00 करोड़ से अधिक	प्राधिकृत समिति	मंत्रिपरिषद्	विकास आयुक्त की अध्यक्षता में
6	नये स्वायत्त संगठन के अधिष्ठापन के संबंध में	प्राधिकृत समिति	मंत्रिपरिषद्	विकास आयुक्त की अध्यक्षता में

यदि योजना में किसी नये पद के सृजन या पद के अत्क्रमण अथवा नया वाहन क्रय भी शामिल हों तो प्रस्ताव प्राधिकृत समिति के समक्ष ही प्रस्तुत किया जायेगा । इसी तरह अवधि विस्तार के प्रस्ताव भी प्राधिकृत समिति के समक्ष ही प्रस्तुत किये जायेंगे ।

(x) निवेश पूर्व कार्य/ योजना (Pre Investment activity)

क्रमांक सं0	योजना की लागत	समीक्षा प्राधिकार	स्वीकृति प्राधिकार	अभ्युक्ति
1.	20 लाख तक DPR तथा Pre Investment activity (भूमि अधिग्रहण/आधारभूत सुविधाओं को छोडकर) बजट उपबंध/ योजना उद्व्यय उपलब्ध होने पर	विभागीय सचिव	विभागीय सचिव	
2.	शेष मामले में	प्राधिकृत समिति	क्रम सं0 (IX) के अनुसार सक्षम प्राधिकार	

(xi) पुनरीक्षित प्राक्कलनों की स्वीकृति:-

(I) 10 करोड़ लागत से कम योजनाओं के मामले:-

(क) प्रोजेक्ट के निर्धारित अवधि के अंदर वैधानिक लेवी/करों, विनिमय दरों तथा मूल्य दरों में वृद्धि के कारण तथा इसके अतिरिक्त 20 प्रतिशत तक की लागत में वृद्वि में अनुमोदन उपरोक्त कंडिका **iv** में दी गई स्वीकृति प्राधिकार के द्वारा योजना एवं विकास विभाग के साथ विमर्श के वाद स्वीकृत किये जायेगें।

(ख) उक्त तीन कारणों के अतिरिक्त 20 प्रतिशत से ज्यादा लागत में वृद्वि के प्रस्ताव की समीक्षा (appraisal) तथा अनुमोदन कंडिका में दी गई appraisal authority एवं स्वीकृति प्राधिकार (approval authority) के द्वारा की जायेगी।

(II) 10 करोड़ से ज्यादा लागत के योजनाओं के पुनरीक्षित प्राक्कलन:-

(क) मात्र उक्त तीन कारणों के कारण लागत में वृद्वि में अनुमोदन प्रशासी विभाग द्वारा योजना एवं विकास विभाग की सहमति से किए जायेगें ।

(ख) प्रथम पुनरीक्षण के मामलों में उक्त तीन कारणों के कारण लागत में वृद्धि के अतिरिक्त 10 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमोदन प्रशासी विभाग द्वारा योजना एवं विकास विभाग की सहमति से किये जायेगें ।

(ग) प्रथम पुनरीक्षण के मामलों में उक्त तीन कारणों के कारण लागत में वृद्धि के अतिरिक्त 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि के अनुमोदन के प्रस्ताव की समीक्षा (Appraisal) योजना एवं विकास विभाग द्वारा तथा अनुमोदन विभागीय मंत्री तथा वित्त मंत्री के द्वारा किये जायेगें ।

(घ) प्रथम पुनरीक्षण के मामलों में उक्त तीन कारणों के कारण लागत में वृद्धि के अतिरिक्त अन्य कारणों के कारण 20 प्रतिशत से अधिक तक की वृद्धि के अनुमोदन के प्रस्ताव की समीक्षा (Appraisal) प्राधिकृत समिति द्वारा तथा अनुमोदन मंत्रिपरिषद् द्वारा दिया जायेगा ।

(ड़) द्धितीय या उसके बाद के पुनरीक्षण प्रसताव के मामलों में उक्त तीन कारणों के कारण लागत में वृद्धि के अतिरिक्त अद्यतन अनुमोदित लागत से 5 प्रतिशत की वृद्धि की समीक्षा (Appraisal) योजना एवं विकास विभाग द्वारा तथा अनुमोदन विभागीय मंत्री द्वारा किय जायेगा ।

(च) द्वितीय या उसके बाद के पुनरीक्षण प्रस्ताव के मामलों में उक्त तीन कारणों के कारण लागत में वृद्धि के अतिरिक्त अन्य कारणों के कारण अद्यतन अनुमोदित लागत से 5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की समीक्षा (Appraisal) प्राधिकृत समिति द्वारा तथा अनुमोदन मंत्रिपरिषद् द्वारा किया जायेगा।

नोट:- वैधानिक लेवी/करों में प्रोजेक्ट ऑथोरिटिज द्वारा भुगतेय केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लगाये गये कर, आयात एवं निर्यात शुल्क शामिल है, लेकिन जल, विघुत शुल्क तथा पी.ओ.एल. की दरों में वृद्धि शामिल नहीं है ।

(xii) केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना, केन्द्र चालित योजना एवं वाह्य सम्पोषित योजना प्रक्षेत्र में चालू तथा नई योजनायें:-

केन्द्र द्वारा प्रायोजित अथवा केन्द्र चालित चालू योजनाओं जिनके योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध हो, ऐसी योजनाओं के लिये अलग से स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी ।प्रशासी विभाग योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि के समानुपात राशि विमुक्त करने के लिये सक्षम होगा । लेकिन, इन प्रक्षेत्रों में नई योजनाओं के लिये तभी बिचार होगा जब उनसे उत्पन्न राज्य सरकार के वित्तीय भार के संबंध में वित्त विभाग की सहमति एवं योजना की ग्राह्यता के संबंध में सरकारी अनुमोदन प्राप्त हो ।

(xiii) चालू योजना क्षेत्र की चालू योजना:-

राज्य योजना क्षेत्र की चालू योजनाओं के लिये प्रत्येक वर्ष स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी । इसके लिए योजना की स्वीकृत लागत के अन्तर्गत

ही संबंधित वर्ष के लिए योजना उद्व्यय तथा बजट उपबंध के अन्तर्गत राशि विमुक्त करने के लिये प्रशासी विभाग सक्षम होगा । लेकिन ऐसी योजनायें जिनमें अवधि विस्तार की आवश्यकता होती है वे एक तरह से प्रति वर्ष नई योजना की तरह ही मानी जायेगी ।यदि उनमें पदों का अवधि विस्तार है तो योजनाओं की समीक्षा प्राधिकृत समिति तथा अनुमोदन मंत्रिपरिषद् द्वारा ही किया जायेगा ।

(xiv) राज्यादेश:-

उपर्युक्त प्रसंग **(iv)** के द्वारा निर्धारित व्यवस्था ही रहेगी ।प्रशासी विभाग आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त कर संलेख आवश्यकतानुसार मंत्रिपरिषद् के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए सक्षम होगा । इसी तरह योजना से संबंधित राज्यादेश भी आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जायेगा ।

(xv) राज्यादेशों का संसूचन:-

बिहार वित्तीय नियमावली के निमय-67 के अनुसार विभाग प्रत्यायोजित वित्तीय शक्ति के अन्तर्गत राज्यादेशों की महालेखाकार को सीधे संसूचित कर सकते हैं ।तदनुसार विभाग प्रत्यायोजित शक्ति के अंतर्गत राज्यादेशों का संसूचन महालेखाकार की सीधे कर सकता है । लेकिन योजना मद में भी उपर्युक्त प्रसंग **(vii)** के अनुसार जिन मदों में राशि की कोषागार से निकासी के लिए महालेखाकार के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता होती है, विभागों द्वारा उनसे संबंधित सभी राज्यादेशों का संसूचन वित्त विभाग के माधयम से ही किया जायेगा।

11. उपर्युक्त कंडिका 9 में दी गई व्यवस्था के अनुसार पूर्व में निर्गत संबंधित संकल्प इस हद तक संशोधित माने जायेगें । वर्तमान में चल रही विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की व्यवस्था पूर्ववत रहेगी और व्यवस्था को सृदृढ़ करने के लिए अलग से कार्रवाई की जाएगी । इस आदेश में निहित वित्तीय आदेश के प्रत्यायोजन का प्रयोग वही किया जायेगा जहॉ आवश्यक/ अपेक्षित निधियॉ परियोजना स्कीम अनुक्रमण के अनुसार वार्षिक योजना पंचवर्षीय योजना परिव्यय में उपलब्ध हों । शक्तियों की सामान्य मितव्ययिता हिदायतों आदि जैसी सरकार द्वारा समय-समय पर जारी की जानेवाली प्रक्रियात्मक तथा अन्य अनुदेशों द्वारा शासित किया जाना जारी रहेगा ।

12. इस संबंध में बिहार कार्यपालक नियमावली,2005 के नियम 32 तथा द्वितीय अनुसूची की मद संख्या-29 को संशोधित करने का अनुरोध मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग से किया जा रहा है ।

आदेश:-आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र मं प्रकाशित किया जाय एवं इसकी प्रतिलिपि सरकार के सभी विभागों एवं महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ भेजी जाय ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/-

(आलोक वर्द्धन चतुर्वेदी)

अपर वित्त आयुक्त (व्यय)

ज्ञापांक: एम4-45/94-पार्ट-1 5685 वि0, पटना दिनांक 8.10.05

प्रतिलिपि: मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, बिहार, पटना को संकल्प के अनुसार कार्यपालक नियमावली में संशोधन करने हेतु अनुरोध के साथ प्रेषित ।

ह0/-

अपर वित्त आयुक्त (व्यय)

ज्ञापांक: एम4-45/94-पार्ट-1 5685 वि0, पटना दिनांक 8.10.05

प्रतिलिपि: महालेखाकार, बिहार, पटना/सरकार के सभी विभाग/ विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-

अपर वित्त आयुक्त (व्यय)

ज्ञापांक: एम4-45/94-पार्ट-1 5685 वि0, पटना दिनांक 8.10.05

प्रतिलिपि: वित्त विभाग के सभी पदाधिकारी/ कर्मचारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-

अपर वित्त आयुक्त (व्यय)

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

ज्ञापांक: एम04-45/747यो0प्रा0,यो0वि0,पटना दिनांक 29 नवम्बर,05

प्रतिलिपि: योजना एवं विकास विभाग के सभी पदाधिकारियों/ निदेशक, सांख्यिकी एवं मूल्यांकन एवं सचिव बिहार राज्य योजना पर्षद् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-

(प्रमोद कुमार वर्मा)

योजना पदाधिकारी ।

बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

पत्रांकः   यो04 / विविध– 47 / 07–   / यो0वि0,पटना, दिनांकः   अप्रैल, 2007

प्रेषक,

रामेश्वर सिंह,
सचिव ।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव / सचिव,
योजना से संबंधित सभी विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय– **वार्षिक योजना 2007–08 में योजनाओं के अनुश्रवण की व्यवस्था।**

महाशय,

उपर्यक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि वित्तीय वर्ष 2007–08 के लिये योजना उदव्यय् का संसूचन विभागीय पत्रांक–743 दिनांक 14.03.2007 से की गई है । इस संदर्भ में योजनाओं के अनुश्रवण हेतु निम्न व्यवस्था निरूपित की जाती है :–

1. संबंधित विभागों के आयुक्त एवं सचिव / सचिव से अनुरोध है कि वे उप सचिव स्तर के अन्यून पदाधिकारी को योजनाओं के अनुश्रवण के लिए नोडल पदाधिकारी नामित करें एवं उक्त पदाधिकारी को प्राधिकृत करने की कृपा करेगें जो उनके बदले प्रतिवेदनों को हस्ताक्षरित करेगें एवं योजना व्यय के संबंध में बैठकों में भाग लेगें । इन पदाधिकारियों का नाम, पद नाम एवं दूरभाष संख्या योजना एवं विकास विभाग को अतिशीघ्र संसूचित करने की कृपा की जाय ।

2. योजना एवं विकास विभाग इस पत्र के अनुलग्नक 'क' में उल्लिखित पदाधिकारियों को संबंधित प्रशासी विभागों के लिए नोडल पदाधिकारी के रुप में नामित किया है । ये पदाधिकारी उस विभाग के संबंधित योजना व्यय, उद्व्यय, प्राधिकृत समिति की बैठक, विभागीय स्वीकृति समितियों यथा स्थायी वित्त समिति एवं व्यय वित्त समिति के निमित्त एकल संपर्क पदाधिकारी होगें।

योजनाओं के अनुश्रवण हेतु एक प्रपत्र निर्धारित कर सलंग्न करते हुए अनुरोध है कि इस प्रपत्र में मई 2007 माह से प्रत्येक माह के दस तारीख तक पूर्ववर्त्ती माह की निर्दीष्ट सूचनायें भरकर प्रतिवेदन योजना एवं विकास विभाग को उपलब्ध कराई जाय । **किसी अन्य प्रपत्र में प्रतिवेदन ग्राह्य नहीं होगा** । वित्तीय वर्ष 2007–08 का प्रथम प्रतिवेदन 10 मई 2007 तक भेजा जाय ।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय ।

विश्वासभाजन

(रामेश्वर सिंह)
सचिव ।

अनुलग्नक-'क'

योजना एवं विकास विभाग द्वारा नामित नोडल पदाधिकारियों की सूची

नोडल पदाधिकारी	आवंटित विभाग	नोडल पदा0 के अनुपस्थिति में वैकल्पित नोडल पदा0
1. डा0 राम नयन, **निदेशक-सह-संयुक्त सचिव,** दूरभाष संख्या:- 2217977	स्वास्थ्य/मानव संसाधन विकास विभाग/योजना एवं विकास विभाग/कृषि विभाग/ग्रामीण विकास विभाग/ग्राम्य कार्य/ पंचायती राज विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग ।	**श्री कमलेश्वर गिरि**, उप सचिव दूरभाष संख्या:- 2217977
2. **श्री कमलेश्वर गिरि**, उप सचिव दूरभाष संख्या:- 2217977	भवन/ राजस्व एवं भूमि सुधार/ अल्पसंख्यक कल्याण/कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग/ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण/ परिवहन विभाग/ वन एवं पर्यावरण विभाग।	**डा0 राम नयन,** **निदेशक-सह-संयुक्त सचिव,** दूरभाष संख्या:- 2217977
3.**श्री अखिलेश कुमार सिन्हा**, उप निदेशक-सह यो0पदा0 दूरभाष संख्या:- 2217977	पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग/ उद्योग/ विज्ञान एवं प्रावौद्यिकी/ कला,संस्कृति एवं युवा विभाग/ सूचना एवं जनसंपर्क/ वाणिज्य कर/ सहकारिता/ उत्पाद एवं निबंधन विभाग	**श्री प्रमोद कुमार वर्मा**, उप निदेशक-सह यो0 पदा0, दूरभाष संख्या:- 2217977
4. **श्री प्रमोद कुमार वर्मा**, उप निदेशक-सह यो0पदा0 दूरभाष संख्या:- 2217977	वित्त विभाग/विधि विभाग/गन्ना विकास विभाग/पर्यटन विभाग/गृह विभाग/पथ निर्माण विभाग	**डा0 अरविन्द कुमार,** उप निदेशक-सह-यो0पदा0 दूरभाष संख्या:- 2217977
5. **डा0 अरविन्द कुमार,** उप निदेशक-सह-यो0पदा0 दूरभाष संख्या:- 2217977	खाद्य एवं आपूर्ति/ उर्जा विभाग/ श्रम संसाधन विभाग/ अनुसूचित जाति/ जनजाति कल्याण विभाग/ पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग/ समाज कल्याण विभाग/ मंत्रिमंडल एवं समन्वय विभाग	**श्री प्रमोद कुमार वर्मा**, उप निदेशक-सह यो0पदा0 दूरभाष संख्या:- 2217977

अध्याय – 4

कृत्यों के निर्वहन के लिए स्वंय द्वारा स्थापित मापमान

राज्य योजना की योजनाओं के स्वीकृति की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने हेतु योजना एवं विकास विभाग के कार्यालय आदेश संख्या –784 दिनांक 31. 12.2005 के द्वारा व्यवस्था निरूपित की गयी है जिसकी प्रतिलिपि संलग्न है।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

का0आ0संख्या-यो0प्रा04/2-6/05-784यो0प्रा0यो0वि0, पटना, दिनांक 31.12.2005

कार्यालय आदेश

वित्त विभाग के संकल्प संख्या 5685 दिनांक 08.10.2005 द्वारा प्रशासी विभाग के अंतर्गत विभागीय वित्त समिति एवं विभागीय व्यय वित्त समिति का गठन किया गया है । इससे संबंधित कार्य के निषपादन हेतु निम्नलिखित व्यवस्था योजना एवं विकास विभाग के स्तर पर निरूपित की जाती है:-

1. व्यय वित्त समिति एवं स्थायी वित्त समिति दोनों से संबंधित मामलों में नॉडल पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार वर्मा, योजना पदाधिकारी होगें ।बैठक से संबंधित सभी सूचनाएँ उन्हें आयुक्त एवं सचिव के कोषांग, अन्य पदाधिकारी गण द्वारा पृष्ठांकित की जाएगी ।

(क) संलेख नही मिलने की अवस्था में उप सचिव के माध्यम से संलेखों के बिना बैठक में भाग लेने के संबंध में विभागीय असमर्थता संसूचित करेगें ।

(ख) कम्प्यूटर/रजिस्ट्र पर योजनावार की विवरणी अंकित कराएगें एवं संचिका में प्रतिनिधि पदाधिकारी को उपलब्ध कराएगें (अलग-अलग विभागों के लिए खोली गयी अलग-अलग संचिका में) ।

(ग) संबंधित पदाधिकारी बैठक में भाग लेने के उपरान्त संचिका में अपना मंतव्य अंकित करेगें । नॉडल पदाधिकारी भी इसे कम्प्यूटर/रजिस्ट्र में अंकित कराएगें ।

1. बैठक की कार्रवाही प्राप्त होने पर उसका मिलान नॉडल पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा एवं उसमें विसंगति होने की स्थिति में प्रतिनिधि पदाधिकारी के माध्यम से आयुक्त एवं सचिव को अवगत कराया जाय ।
2. संलेख की जॉच प्रतिनिधि पदाधिकारी द्वारा की जाएगी । जॉच पत्र अलग से निर्गत किया जाएगा ।
3. प्रत्येक बैठक की सूचना आयुक्त एवं सचिव की दैनिक सारणी में अंकित किया जाएगा ।किस प्रतिनिधि द्वारा बैठक में भाग लिया गया इसे प्रतिदिन दैनिक सारणी में अंकित किया जाएगा । यह कार्रवाई आयुक्त एवं सचिव के सेल, द्वारा किया जाएगा ।
4. प्रतिनिधि पदाधिकारीयों द्वारा जिन बैठकों में भाग लिया गया है, उसकी पूर्ण सूचना यथा स्वीकृत/अस्वीकृत/आंशिक स्वीकृत नॉडल पदाधिकारी देगें ।

5. दिनांक 29.12.2005 तक, अर्थात यह आदेश जारी करने के पूर्व किसी पदाधिकारी द्वारा किसी समिति में भाग लिया गया है तो कृपया पूर्ण सूचना दिनांक 01.01.2006 के पहले नॉडल पदाधिकारी को दे ।

ह0/-

(एन0 एस0 माधवन)

आयुक्त एवं सचिव ।

का0आ0संख्या-यो0प्रा04/2-6/05-784यो0प्रा0यो0वि0, पटना, दिनांक 31.12.2005

प्रतिलिपि- योजना एवं विकास विभाग के सभी पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी /सभी संबंधित वरीय सांख्यिकी सहायक /सहायको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

ह0/-

(उदय नारायण ठाकुर)

सरकार के उप सचिव ।

योजना एवं विकास विभाग,

अध्याय–5

विभाग द्वारा या उसके नियंत्रणाधीन धारित या कर्मचारियों द्वारा अपने कृत्यों के निर्वहन के लिए प्रयोग किये गये नियम, विनियम, अनुदेश, निदेशिका और अभिलेख

बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

विषय : मुख्यमंत्री जिला विकास योजना अंतर्गत जिला येाजना सूत्रण हेतु मार्गदर्शन

1– राज्य में राष्ट्रीय सम विकास योजना के अन्तर्गत पिछड़े जिले के पहल के तहत राज्य के 21 जिलों में जिला येाजना का सूत्रण कर कार्यान्वयन प्रारम्भ किया गया है जिसका मुख्य उद्येश्य केन्द्र व राज्यों के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रमों और नीतियों को व्यवस्थित करना है। इससे विकास के अवरोध दूर होंगे, विकास की प्रक्रिया में तेजी आयेगी तथा लोगों की जीवनशैली में सुधार होगा । राज्य सरकार के द्वारा निर्णय लिया गया है कि राज्य के 21 जिलों के अतिरिक्त शेष 17 जिलों में भी विकास की आवश्यकता है। अत: मुख्यमंत्री जिला विकास येाजना के तहत इन जिलों में सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए जिला येाजना का सूत्रण किया जाना है तथा इसके अन्तर्गत 2005–06 तथा 2006–07 में प्रत्येक वर्ष प्रत्येक जिला को 15 करोड़ रूपये उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

2– येाजना का मुख्य उद्येश्य निम्न कृषि उत्पादकता, बेरोजगारी की समस्या को हल करना है तथा भौतिक एवं सामाजिक संरचना के महत्वपूर्ण अंतरालों को पाटना है। तद्नुसार जिला पदाधिकारी से अपेक्षा की जायगी कि वे वार्षिक कार्य योजनाओं को सम्मिलित करते हुए दसवीं पंचवर्षीय येाजना काल के शेष दो वर्षीय समेकित विकास येाजना तैयार करें। यह येाजना एस.डब्ल्यू.ओ.टी.(स्वॉट)(क्षमताओं, कमजोरियों, अवसरों और घमकियों के विश्लेषण, चालू स्कीमों की समीक्षा और कुछ सामाजिक विकास के क्षेत्रकों की पहचान पर आधारित होगी जिनमें **राज्य के हस्तक्षेप से विकास की प्रमुख बाधाओं को दूर करने में उस जिले को सहायता मिलेगी। यह अतिरिक्त सहायता इन क्षेत्रकों में स्कीम के माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उपयोग में लाई जायगी जिससे कि समयबद्ध तरीके से उस जिले की गरीबी कम होगी तथा जीवन स्तर उॅचा होगा ।**

3– प्रत्येक जिले को प्रति वर्ष 15 करोड़ रूपये अर्थात प्रति जिले के लिए 30 करोड़ रूपये मुहैया कराया जायेगा। जिलों को निधि येाजनाओं के संतोषजनक प्रगति के आधार पर विमुक्त की जायगी ।

4- जिला योजनाओं का सूत्रण जिला पदाधिकारी द्वारा किया जायगा तथा उसे जिला स्तर पर गठित समिति से अनुमोदनोपरान्त राज्य स्तरीय प्राधिकृत समिति से अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। प्रथम किस्त के रूप में 7.5 करोड़ रूपये की विमुक्ति की जायगी। दूसरी किस्त की विमुक्ति उपलब्ध राशि के 75 प्रतिशत व्यय होने के उपरान्त किया जायगा।

5- इस योजना का मुख्य उद्येश्य यह होगा कि सामाजिक विकास से संबंधित प्रक्षेत्रों की पहचान कर उन प्रक्षेत्रों में केन्द्र/राज्य सरकार से दूसरे श्रोत केन्द्र/राज्य सरकार से दूसरे श्रोतों से प्राप्त होनेवाली निधि के अतिरिक्त जो क्रिटीकल गैप बच जाता है उसे भरने के लिए निधि का उपयोग किया जायगा ।

6- इस निधि का उपयोग बैंकों से ऋण प्राप्त कर रोजगारोन्मुख योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु सबसीडी के रूप में किया जा सकता है, परन्तु यह सबसीडी 25 प्रतिशत से अधिक की नहीं होगी। इस निधि का उपयोग प्रशासनिक भवनों के निर्माण अथवा नवीकरण, स्थापना पर नहीं किये जायेंगे। इसके तहत कोइ नया पद सृजित नहीं किया जायगा ।आवर्त्ती व्यय का वहन इस राशि से नहीं किया जा सकेगा ।

7- इस योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य से संबंधित ली जानेवाली योजनाओं को एक वर्ष में पूरा किया जायगा । विशेष परिस्थिति में अधिक से अधिक छः माह की अतिरिक्त अवधि और दी जायगी । योजनाऐं निश्चित रूप से इसके अवधिकाल में पूरी की जायेगी । सामान्यतया लागन के पुनरीक्षण का प्रावधान नहीं रहेगा ।

8- इस निधि का उपयोग कर इस प्रकार की योजनाएँ भी तैयार की जानी चाहिए, जिससे परिसम्पतियों का सृजन हो और उस परिसम्पतियों का संधारण लाभान्वित समिति अथवा पंचायती राज संस्थाओं द्वारा किया जायेगा। यह प्रयास किया जाना चाहिए कि इस योजना का लाभ समाज के सबसे गरीब, कमजोर वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक मिले, बेरोजगारों को रोजगार मिले और स्थानीय स्तर पर अधिक समृद्धि हो । समिति लाभान्वितों से परिसंपत्तियों के रख रखाव के लिए उचित यूजर चार्ज ले सकेगी ।

9- **जिला योजना सूत्रण**

वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 योजना काल के लिए जिला योजना का सूत्रण किया जायगा ।

10- **जिला योजना सूत्रण हेतु मेथेडोलोजी**

प्रत्येक जिला योजना में जिले की विशिष्ट समस्याओं और सुझाई गई कार्यनीति पर प्रकाश डालते हुए एक कार्यकारी सारांश निहित होना चाहिए। प्रत्येक योजना दस्तावेज में निम्नलिखित अध्याय होने चाहिए -

क) पृष्ठभूमि
ख) जिला प्रोफाइल
ग) संसाधन सूची
घ) एस.डब्ल्यू.ओ.टी. विश्लेषण और गंभीर अंतरालों की सूची
च) उद्येश्यों का सारांश/पाँच वर्षो के पश्चात उपलब्ध होने वाले लाभ
छ) तिमाही वार समय एवं लागत अनुसूचियों सहित स्कीमों के ब्योरे
ज) वेंचमार्क सर्वेक्षण / मोनेटरिंग और समवर्त्ती मूल्यांकन
झ) संलग्नक

11- **पृष्टभूमि**

इस अध्याय में निम्नलिखित सूचना शामिल होनी चाहिए :

1- विशेष रूप से राजधानी शहर और अन्य बड़े उपभोग केन्द्रों तक पहुंच के अर्थ में अवस्थिति ।
2- पिछड़े जिले पहल के संचालन और कार्यान्वयन के लिए ढांचे के विशेष संदर्भ सहित प्रशासनिक ढांचा ।
3- राज्य और राष्ट्रीय औसतों के साथ तुलना किए गए जनसंख्या/घनत्व और सामाजिक आर्थिक संकेतकों संबंधी बुनियादी डाटा।

12- **संसाधन सूची**

1- प्राकृतिक संसाधन अर्थात् वन, खनिज, नदियाँ और झरने आदि ।
2- मानव संसाधन अर्थात् कार्यशील आयुवर्ग में जनसंख्या, बेरोजगारी का स्तर, उपलब्ध कौशल ।
3- आधारिक संरचना अर्थात् सड़कें, रेलवे, दूर-संचार, सिंचाई, ऋण सुविधाएं, अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल और कॉलेज आदि।
4- व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, अनुसंधान संस्थान, आई.सी.ए.आर. संस्थान, पौलिटैक्निक/आई.टी.आईज, इंजीनियरिंग कॉलेजों, आदि सहित संस्थान ।

5- प्रभावी गैर-सरकारी संगठन, स्व-सहायता समूह आदि ।

6- जिले की विशेष आर्थिक कार्य-कलाप ।

13- सामर्थ्य कमजोरियां, अवसरों और धमकियाँ(एस.डब्ल्यु.ओ.टी.) विश्लेषण और महत्वपूर्ण अन्तरालों की पहचान

1- सामर्थ्य और कमजोरियों पर प्रकाश डालना तथा धमकियों पर काबू पाते हुए सामर्थ्य बढ़ाना ।

2- विकास में बाधा डालने वाले प्रशासनिक संरचनाओं/नियमों/कानूनों पर प्रकाश डालना।

3- क्षेत्रों की पहचान (स्थानिक) जिनकी ओर विशेष ध्यान दिया जाना अपेक्षित है।

4- उन समुदायों/समूहों की पहचान करना जिन्हें विशिष्ट हस्तक्षेपों की आवश्यकता है।

5- तीन-चार अग्रणी क्षेत्रकों की पहचान करना ।

6- इन क्षेत्रकों में महत्वपूर्ण अन्तरालों की पहचान करना ।

टिप्पणी : जिला योजना को निर्दिष्ट करना चाहिए कि क्या स्कीम को जिले के भीतर अधिक गरीब पाकेटों में ही केन्द्रित करना चाहिए अथवा यह जिलें के सभी भागों में लागू होनी चाहिए । इसी प्रकार एक निर्णय लिया जाना चाहिए कि क्या कतिपय समूहों/समुदाय विशेष ध्यान दिए जाने के पात्र है अथवा नहीं ।

14- विभिन्न प्रक्षेत्रों के लिए निधि वितरण का मानदण्ड

1- इस निधि को विभागीय निधि का विकल्प नहीं माना जाय। इसका उपयोग ऐसी परियेाजनाओं के लिये नहीं किया जाय जिसके लिए प्रशासी विभाग से सामान्य तौर पर निधि उपलब्ध करायी जाती है। यह निधि योजना का अंग है अतएव इसका उपयोग नई परिसम्पतियों के सृजन पर करना वांछनीय होगा ।

2- ग्रामीण पथों का महत्व निर्विवाद है। स्वभावित है कि ग्राामीण पथों के लिए अधिकाधिक राशि की मांग की जाय। सृजित परिसम्पतियों के संधारण की समस्या, उपलब्ध प्रशासनिक/तकनीकी क्षमता के उपयोग की आवश्यकता एवं जिलों के संतुलित विकास की दृष्टि से विभिन्न प्रक्षेत्रों के लिए निधि की आवश्यकता को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है कि इस निधि से अधिक-से-अधिक 20 प्रतिशत राशि ही ग्रामीण पथों के लिए कर्णाकित की जाय।

3- उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिये ऐसी परियेाजनायें, जिनके द्वारा उपलब्ध सिंचाई क्षमता के सदुपयोग एवं निस्सरण में सहायक हों तथा जिनके चलते उत्पादन में वृद्धि की सम्भावना हो, वैसी सिंचाई/निस्सरण की योजनाओं को भी प्राथमिता दी जाय, चूँकि

ऐसी परियोजनाओं से न केवल उत्पादन में वृद्धि बल्कि नियोजन के अवसर के विस्तार में भी मद मिलेगी। अतएव सिंचाई, निस्सरण की परियोजनाओं के लिए 10 प्रतिशत राशि इस निधि से कर्णाकित की जाय ।

4- ग्रामीण क्षेत्र की जनसंख्या सामाजिक एवं आर्थिक आधारभूत संरचना के लाभ हेतु शहरी क्षेत्र में आते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्येश्य ग्रामीण क्षेत्र के वैसे गाँव जिनकी जनसंख्या 5000 अथवा उससे ज्यादा है, उन क्षेत्रों में सामाजिक एवं आर्थिक आधारभूत संरचना की एक श्रृखला तैयार की जाय जिसके फलस्वरूप ग्रामीण जनसंख्या की अपने क्षेत्र में हीं उक्त संरचना का लाभ मिल सके तथा चयनित गाँव शहरी सुविधा युक्त हो।

अतएव इस निधि का उपयोग उन चिन्हित गाँवों में 10-15 शैय्या युक्त अस्पताल, उच्च विद्यालय भवन, प्रथम श्रेणी पशुचिकित्सालय, पार्क, खेल-कूद मैदान, विद्यालयों में प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि सुविधाओं के विकास के लिए प्रयास किये जाने चाहिएं इसके लिए उपलब्ध राशि का न्यूनतम 40 प्रतिशत राशि इन परियेाजनाओं पर व्यय किया जा सकता है।

5- ग्रामीण क्षेत्र की अर्थ व्यवस्था में अपेक्षित सुधार/वृद्धि में मतस्य पालन की महत्वपूर्ण भूमिका है । अतएव मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हेतु इस राशि का 10 प्रतिशत इन परियोजनाओं पर व्यय किया जा सकता है ।

6- वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों के मामले में कुल परिव्यय का 7.5 प्रतिशत सुरक्षा संबंधी परियोजनाओं जैसे पुलिस बलों/अर्द्ध सैनिक संगठनों को सम्बद्धता उपलब्ध कराने के लिए पुलों/सड़कों के निर्माण हेतु निर्धारित किया जाए। इसके अतिरिक्त, यदि उपयुक्त/संभाव्य पाया जाए तो स्कीमों के कार्यान्वयन में पुलिस /अर्द्ध सैनिक संगठनों को भी स्कीमों के कार्यान्वयन में शामिल किया जाए।

7- शेष 12.5 प्रतिशत राशि को आय में वृद्धि करने वाले प्रक्षेत्र यथा पशुपालन, गव्य विकास तथा पर्यटन आदि की योजनाओं पर व्यय किया जाय ।

उपर्युक्त प्रतिशत के अन्तर्गत योजनाओं का सूत्रण बंछनीय होगा परन्तु यदि स्थानीय आवश्यकता के दृष्टिगत प्रक्षेत्रीय प्रतिशत बंधेज में आंशिक परिवर्त्तन होता है तो ठास कारणों के आधार पर मान्य किया जा सकता है।

15- **परियोजनाओं के चयन की परिसीमाएं**

(क) **ग्रामीण पथ -**

1- जिला योजना के लिये उपलब्ध इस निधि से वैसी पथ परियोजनायें ली जाय जो न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के सिद्धान्तों के अनुकूल हो

तथा वैसे गॉव के लिए पथ सम्पर्क योजना ली जाय जो अभीतक किसी प्रकार के पथ से जुड़े नहीं है।

(ख) **विद्यालय भवन**

1- विद्यलय भवन के निर्माण के सिलसिले में सर्वाधिक उच्च प्राथमिता पूर्व स्वीकृत विद्यालय भवनों को दी जाय, अर्थात जिन विद्यालयों की स्वीकृति राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा सबसे पहले दी गयी हो, उन्हें निर्माण कार्यो में प्राथमिकता दी जाय। विद्यालय भवन के निर्माण में मापदंड के सिलसिले में शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित तकनीकी स्पेशीफिकेशन को अपनाया जाय ।

विद्यालय भवन के निर्माण में जन-सहयोग को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से ऐसी परियोजनाऐं जिनके लिए दानस्वरूप निधि एवं जमीन उपलब्ध हो उन्हें प्राथमिकता दी जाय।

(ग) **जन-स्वास्थ्य**

1- जिला योजना के अन्तर्गत वैसे स्वास्थ्य केन्द्रों या उप-केन्द्रों का निर्माण कराया जाय, जो राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीकृत हो। भवन निर्माण के सिलसिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर जिले के सभी प्रखंडों को श्रेणीबद्ध कर लिया जाय ताकि वैसे प्रखंड जहॉ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाऐं सबसे कम उपलब्ध हो, उन्हें प्राथमिकता दी जा सके ।

इसके अतिरिक्त योजनओं के चयन में निम्नंकित सामान्य सिद्धान्तों का भी अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाय -

(क) यह निधि किसी भी प्रकार के स्थापना पर यथा पद सृजन पर व्यय नहीं की जा सकती है।

(ख) इस निधि का उपयोग गाड़ियों के क्रय तथा उनके संधारण पर नहीं किया जायेगा ।

(ग) इस निधि का उपयोग किसी ऐसे आवर्त्तक व्यय के रूप में नहीं किया जायेगा जो किसी दूसरी योजना का दायित्व है।

(घ) इसका उपयोग रख-रखाव पर भी नहीं किया जायेगा ।

(च) इस निधि का उपयोग किसी वर्ग विशेष यथा सरकारी कर्मचारियों की सुविधा के लिए भी वर्जित माना जायेगा ।

16- **योजनाओं के चयन हेतु समिति का संगठन का स्वरूप**

(क) इस कार्यक्रम के तहत शहरी सुविधायुक्त गॉवों के चयन/ योजनाओं के चयन हेतु जिला स्तर पर एक समिति गठित होगी। जिसका स्वरूप निम्नप्रकार होगा –

1–	जिला पदाधिकारी	––	अध्यक्ष
2–	आरक्षी अधीक्षक	––	सदस्य(वामपंथ उग्रवाद प्रभावित जिलों के लिए)
3–	अध्यक्ष, जिला परिषद	––	सदस्य
4–	मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी	––	सदस्य
5–	कार्यपालक अभियन्ता भवन	––	सदस्य
6–	कार्यपालक अभियन्ता पथ निर्माण/आर.ई.ओ.	––	सदस्य
7–	कार्यपालक अभियन्ता लघु सिंचाई	––	सदस्य
8–	जिला कल्याण पदाधिकारी	––	सदस्य
9–	जिला शिक्षा पदाधिकारी	––	सदस्य
10–	नाबार्ड के प्रतिनिधि	––	सदस्य
11–	जिला लीड बैंक के प्रतिनिधि	––	सदस्य
12–	जिला में कार्यरत स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि जिसका मनोनयन जिला पदाधिकारी करेगें	––	सदस्य
13–	जिला योजना पदाधिकारी	––	सदस्य सचिव

(ख) राज्य स्तर पर राज्य के मुख्य सचिव के अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय संचालन समिति होगी जिसमें विकास आयुक्त, वित्त आयुक्त, एवं योजना विभाग के आयुक्त एवं सचिव /सचिव के अतिरिक्त आयुक्त एवं सचिव /सचिव, आर0ई0ओ0 एवं पंचायती राज, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण एवं भवन निर्माण विभाग इसके सदस्य होगें । संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी के साथ नाबार्ड के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि भी इस समिति के सदस्य होगें ।

यह समिति विस्तृत योजना तैयार करायेगी । यह विभागों तथा एजेन्सियों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा कार्यान्वयन सुनिश्चित करने सहित परियोजनओं के अनुश्रवण के लिए उत्तरदायी होगी ।

17– **जिला योजना के कार्यान्वयन के लिये एजेन्सियों का चयन**

1– जिला योजना के लिए यह निधि विकास कार्यक्रमों के लिये, पूरक स्वरूप दी जा रही है। अतएव विभिन्न प्रक्षेत्रों के प्रशासी विभागों का दायित्व है कि इस निधि में उपलब्ध निधि के सदुपयोग के कारगर व्यवस्था करें। चूँकि इस निधि के उपयोग के लिए

समन्वय का दायित्व जिला पदाधिकारी को सौंपा गया है अतएव जिला पदाधिकारी से आग्रह है कि जिलों में उपलब्ध प्रशासनिक / तकनीकी क्षमता का उपयोग इस निधि से ली जाने वाली योजनाओं के कार्यान्वयन में करें। पथ निर्माण विभाग के योजनाओं का कार्यान्वयन ग्रामीण अभियंत्रण संगठन द्वारा कराया जाय। स्कूल भवन या स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण भवन निर्माण विभाग के अभियंताओं द्वारा कराया जाय। इसी प्रकार लघु सिंचाई या सिंचाई योजना के कार्यान्वयन का दायित्व सम्बंधित विभागों के अभियंताओं को सौपा जाय। चूँकि इस निधि की राशि विकास योजनाओं के पूरक स्वरूप दी जा रही हैं । अतएव इसके लिए कोई स्वतंत्र एजेंसी का गठन का प्रश्न नहीं उठता है।

18- **परियोजनाओं की स्वीकृति**

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित योजनाओं की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्गत मार्गदर्शन पत्रांक 1662 दिनांक 25.02.1997 में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार किया जायगा । इसकी सक्षमता के उपर की योजनाओं की स्वीकृति जिला पदाधिकारी संबंधित विभागों के माध्यम से सरकार से प्राप्त करेंगे ।

19- **परियोजनाओं का कार्यान्वयन**

इस कार्यक्रम के तहत परियोजनाओं का कार्यान्वयन लोक निर्माण संहिता के प्रावधानों के अनुरूप निविदा के माध्यम से कराया जायगा ताकि योजना कार्य की गुणवत्ता बरकरार रहे एवं इसमें विचौलियों के प्रवेश को रोका जा सके। किसी भी परिस्थिति में सरकारी कर्मचारी को इस कार्यक्रम के तहत विभागीय अभिकर्त्ता नियुक्त किया जाना निषिद्ध है।

20- **परियोजनाओं का संधारण**

1- इस योजना के तहत कार्यान्वित स्कीमों के पूर्ण होने के बाद उनके संधारण का दायित्व संबंधित प्रशासी विभागों का होगा। जिला पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि पूर्ण की गयी योाजनाओं के संबंध में पूर्ण सूचना सम्बन्धित प्रशासी विभागों को उपलब्ध करावें, जिससे प्रशासी विभाग द्वारा समुचित संधारण हेतु व्यवस्था की जा सके ।

21- **अनुसूचित जाति के हितों की सुरक्षा का उपाय**

1- सरकार का निर्णय है f कइस कार्यक्रम के अन्तर्गत 15.45 प्रतिशत राशि अनुसूचित जातियों को लाभ पहुँचाने वाली येाजनाओं पर किया जाय। अत: जिला योजना परियोजनाओं के सूत्रण के समय जिले को आवंटित धन राशि की तदनुकूल निर्धारित एक न्यूनतम राशि का उपयोग अनुसूचित जाति के लाभों की परियोजनाओं पर सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित उद्व्यय से ली गयी इस प्रकार की स्कीमों का व्योरा योजना एवं विकास तथा कल्याण विभाग को भी संसूचित किया जाना चाहिये ।

22- **बेंचमार्क सर्वेक्षण / मॉनीटरिंग**

1- किसी राज्य स्तरीय मायन्ता प्राप्त संस्थान को इस कार्य हेतु पहचान की जानी चाहिए और कार्यक्रम की मानीटरिंग व मध्यावधि मूल्यांकन करने के लिए बेंचमार्क सर्वेक्षणों

हेतु वार्षिक आधार पर 4 से 5 लाख रू0 की राशि आवंटित की जानी चाहिए। प्रथम चरण में वर्तमान सुविधाओं/संसाधनों का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए जिससे भविष्य में किए जाने वाले मूल्यांकनों हेतु बेंचमार्क उपलब्ध होगा। एक एम.आई.एस. तैयार की जानी चाहिए जिसमें प्रत्येक तिमाही में स्कीमों की वास्तविक और वित्तीय प्रगति इंगित की जाएगी। तिमाही के आधार पर प्रत्येक परियोजना हेतु संगत आउटपुट सूचकों का उल्लेख किया जाना चाहिए जिससे उसके आधार पर प्रगति को मानीटर किया जा सके। कड़ी मॉनीटरिंग अनुसूची कार्यान्वयन प्रक्रिया का ही हिस्सा होनी चाहिए। स्कीमों की मानीअरिंग राज्य स्तरीय संचालन समिति/गैर-सरकारी संगठनों द्वारा की जानी चाहिए और अधिकार प्राप्त समिति व उच्च स्तरीय समिति द्वारा समीक्षा किए जाने के लिए तिमाही प्रगति रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की जानी चाहिए ।

2- प्रत्येक जिले के लिए एक वेबसाइट तैयार किया जाना है जो जिले की पृष्टभूमि सूचना, जिला येाजना, बेंचमार्क सर्वेक्षण के परिणाम और तेयार की गई एम.आई.एस. की जानकारी होगी जिसे विकसित किया गया है। स्कीमों की प्रगति की दर्शाने के लिए इसे साप्ताहिक आधार पर अद्यतन किया जाना चाहिए ।

(3) प्रत्येक जिला को परियोजना शुरू करने के पहले तथा योजनाओं को पूरा होने के पश्चात स्थिति को दर्शाने तथा संबंधित जिला के अर्थ व्यवस्था में सुधार लाने में इस कार्यक्रम के प्रभाव का मुल्यांकन करने के लिए संगत दृश्य रिकार्डिग (फोटो/विडियोग्राफी) कराना भी आवश्यक होगा ।

पी012053/14/2003-एम0एल0पी0- / दिनांक 09.02.2004

योजना आयोग

(बहुस्तरीय योजना प्रभाग)

विषय: पिछड़े जिले पहल -राष्ट्रीय सम विकास योजना -स्कीम और जिला योजना की तैयारी के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत ।

1. **स्कीम**

1.1 राष्ट्रीय सम विकास योजना के अंतर्गत पिछड़े जिले पहल शुरु की गयी है जिसका मुख्य उदेश्य केन्द्र व राज्यों के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रमों और नीतियों को व्यवस्थित करना है जिससे विकास के अवरोध दूर होंगे, विकास प्रक्रिया में तेजी आएगी तथा लोगों की जीवन शैली में सुधर होगा । इस स्कीम का उदेश्य पिछड़े क्षेत्रों के लिए सकेंद्रित विकास कार्यक्रम है जिससे असंतुलन कम करने और विकास में तेजी लाने में मदद मिलेगी ।

1.2 यह घटक 100 जिलों को कवर करेगा । किसी राज्य में पिछड़े जिलों की पहचान पिछड़ापन सूचकांक के आधार पर की गई है जिसके समान महत्व के तीन पैरामीटर्स है; वे हैं :- (i) प्रति कृषि कामगार के उत्पादन का मूल्य; (ii) कृषि मजदूरी पद; और (iii) उस जिले की अनुसूचित जातियों/जनजातियों की जनसंख्या का प्रतिशत । प्रत्येक राज्य में जिलों की संख्या का आंकलन निर्धनता के प्रसार के आधार पर किया गया है (जिलों की सूची संलग्नक-1 पर है)। इसके अलावा, पिछड़े जिलों और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित 16 जिलों को वार्षिक योजना 2003-04 में कवर किया जा रहा है ।

1.3 स्कीम का मुख्य उदेश्य निम्न कृषि उत्पादकता, बेरोजगारी की समस्याओं को हल करना है तथा भौतिक एवं सामाजिक अवसंरचना के महत्वपूर्ण अंतरालों को पाटना है । तदनुसार, जिला प्रशासन/पंचायती राज संस्थाओं से अपेक्षा की जाएगी कि वे वार्षिक कार्य योजनाओं के ताने -बाने के साथ- साथ तीन वर्षीय मास्टर प्लान तैयार करें । यह योजना एसडब्ल्यूओटी (स्वॉट) (क्षमताओं, कमजोरियों,

अवसरों और धमकियों) के विश्लेषण, चालू स्कीमों की समीक्षा और कुछ अग्रणी क्षेत्रकों की पहचान पर आधारित होगी जिनमें राज्य के हस्तक्षेप से विकास की प्रमुख बाधाओं को दूर करने में उस जिले को सहायता मिलेगी ।यह अतिरिक्त सहायता इन अग्रणी क्षेत्रकों में स्कीमों के माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उपयोग में लाई जाएगी जिससे कि समयबद्ध तरीके से उस जिले की गरीबी कम होगी।

2. निधियां जारी किया जाना

2.1 प्रत्येक जिले को तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रति वर्ष 15.00 करोड़ रूपये अर्थात् प्रति जिले के लिए कुल 450.00 करोड़ रूपये मुहैया कराए जाएंगे।राज्यों को निधियां सुविधाजनक किस्तों में 100 प्रतिशत अनुदान के आधार पर जारी की जाएगी जोकि स्कीमों की संतोषजनक प्रगति पर निर्भर करेगा ।

2.2 राज्य सरकार उक्त निधियां प्राप्त करने के पन्द्रह दिनों के भीतर ही इस उदेश्य से बनाए गए एक अलग शीर्ष ''जिला ग्रामीण विकास एजेन्सी'' के तहत निधियां जारी करेगी ।ऐसां नही करने पर बाद की किस्तें जब्त कर ली जाएंगी तथा इससे पूर्व जारी निधियों को ऋण मान लिया जाएगा ।

2. डिलीवरी मेकेनिज्म

3.1 उपाध्यक्ष, योजना आयोग की अध्यक्षता में भारत सरकार के स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति हैं, जिसमें वित्त मंत्री, योजना राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री बिहार सरकार, मुख्यमंत्री उड़ीसा सरकार और सचिव, योजना आयोग इसके सदस्य हैं। यह समिति राष्ट्रीय सम विकास योजना (आरएसवीवाई) की पहलों से संबंधित नीतियों का अनुमोदन करेगी, राज्य सरकारों के लिए सुधार एजेन्डा निर्धारित करेगी तथा समय- समय पर आरएसवीवाई कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करेगी।

3.2 सचिव, योजना आयोग की अध्यक्षता में भारत सरकार के स्तर पर एक अधिकार प्राप्त समिति है जो जिला योजनओं को अनुमोदित करेगी, उनकी तथा इस कार्यक्रम की मानींटरिंग तथा समीक्षा करेगी, मूल्यांकन और मध्यावधि मूल्यांकन

करवाएगी तथा आरएसवीवाई के परिचालन से संबंधित सभी मामलों की देख-भाल करेगी ।

3.3 प्रप्येक राज्य सरकार को राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय संचालन समिति गठित करनी है, जियमें लगभग पांच अन्य सदस्य होंग। वित्त विभाग और योजना विभाग के सचिव, उस जिले (उपायुक्तअथवा जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी) के मुख्य कार्यपालकम अधिकारी, नाबार्ड और गैर सरकारी संगठनों के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि इस समिति के सदस्य हो सकते हैं ।वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की स्थिति में इस समिति को चाहिए कि वह राज्य के गृह सचिव को भी शामील करे । यह समिति विस्तृत जिला योजनाएं तैयार करवाएगी तथा और एजेन्सियों के बीच समन्वयस्थापित करने एवं सहक्रिया सुनिश्चित करने सहित उन स्कीमों की मानीटरिंग करने के लिण भी उत्तरदायी होगी ।

4. जिला योजनाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत

4.1 इस स्कीम के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने के लिए वार्षिककार्य योजनाओं के ताने-बाने के साथ-साथ प्रत्येक जिले के लिए एक तीन वर्षीय मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा ।

4.2 जिन मुख्य सिद्धान्तों पर विचार किया जाना है, वे है:-

4.2.1 राष्ट्रीय सम विकास योजना के अंतर्गत सभी स्रोतों अर्थात् राज्य योजना, केन्द्र प्रायोजित स्कीमों, केन्द्रीय स्कीमों, विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं, आदि से निधियों के प्रवाह सहित, अतिरिक्त आर्थिक सहायता के लिए विशिष्ट स्कीमों के बारे में सूचित किया जाएगा । उपलब्ध संसाधनों के उपयोग के स्तर के बारे में संतुष्ट होने पर राष्ट्रीय सम विकास योजना के अंतर्गत केवल स्कीमों के विस्तृत कवरेज के लिए अतिरिक्त सहायता के रूप में जिसके लिए राज्य योजना, केन्द्र प्रायोजित स्कीमों, केन्द्रीय स्कीमों सहित अन्य दूसरे स्रोतों से निधी उपलब्ध है, के लिए निधियोँ आवंटित करने में सावधानियां बरती जानी चाहिए ।

4.2.2 आरएसवीवाई निधियों के लाभ को अंतर क्षेत्री संपर्को के माध्यम से बढ़ाया जाना चाहिए । आरएसवीवाई निधियों का प्रयोग बैंकिंक क्षेत्रक और लाभकारी योगदान के परस्पर संबंधों के द्वारा बृहत योजना आकार को लीवरेज करने के लिए भी किया जाना चाहिए ।

4.2.3 सभी स्कीमों के लागत प्रभाव पर सावधानीपूर्वक विचार किया जान चाहिए ताकि इस स्कीम के अंतर्गत निवेशित निधियों के प्रतिलाभ को बढ़ाया जा सके। दूसरे शब्दों में, किसी कार्यक्रम के अंतर्गत विशिष्ट स्कीमों के बीच परस्पर

प्राथमिकताओं का निर्धारण केवल गुणावगुण के आधार पर किया जाना चाहिए । स्कीमों के और उनके स्थनों के चयन में पूर्ण पारदर्शिता होनी चाहिए ।स्कीमों की प्राथमिकता सूची और सकीमों को शुरु करने के कारण तथा स्थानों के चयन के मापदण्डों को वेबसाइठ पर भी अवश्य उपलब्ध कराया जाना चाहिए ।

4.2.4 योजना निरुपण, कार्यान्वयन और मानीटरिंग जैसे प्रत्येक स्तर पर लोगों की भागीदारी और पंचायती राज संस्थाओं, गैर-सरकारी संगठनों एवं स्व- सहायता समूहों की संलग्नता सुनिश्चित की जानी चाहिए ।

4.2.5 पंचायती राज संस्थाओं और स्व-सहायता समूहों को भी जागरुकता और क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण आदि में शामिल किया जाए तथा ऐसी स्कीमों के लिए लगभग दो प्रतिशत निधियों का उपयोग किया जाए ।

4.2.6 विशेष रुप से वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में रोजगार संबंधित स्कीमों और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है । फिर भी, स्व-रोजगारवाली स्कीमों सब्सिडी के बदले क्रेडिट पर आधारित होनी चाहिए। अत: प्रत्येक बैंक ग्राहय उद्यम बनाया जाना चाहिए तथा मूल्यांकन एवं बैंकिंग अनुशासन के अधीन होनी चाहिए ।उद्यमों को निजी/ ग्रूप पहलों के माध्यम से प्रोन्नत करना चाहिए न कि सरकारी/ सरकार द्वारा प्रायोजित सहकारी क्षेत्रक के माध्यम से/बीमार सरकारी/सरकार द्वारा प्रायोजित सहकारी उद्यमों को सहारा देने के एि निधियाँ मुहैया नहीं कराई जानी चाहिए । इसका लक्ष्य आवर्ती निधि और अपेक्षित आधारिक संरचना और प्रशिक्षण इनपुटों के संबंध में स्व-सहायता दलों को लधु सहायता के माध्यम से आय-सृजक कार्यकलापों के लिए स्वरोजगार कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना है । तथापि सब्सिडी से जुड़ी स्कीमों की अनुमति केन्द्र/ राज्य योजना स्कीम की विस्तारित कवरेज के लिए अनुपूरक उपाय के रूप में नितान्त अनिवार्य होने पर ही दी जानी चाहिए और उसे समान केन्द्रीय सरकारी स्कीमों के मामले में उपलब्ध कराए जाने वाली सब्सिडी के स्तर पर ही रखा जाना चाहिए ।वे स्कीमों जिनमें सामुदायिक परिसम्पतियों का सृजन शामिल है, वहाँ जहॉ संभव हो लाभभोगी योगदान सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए ।

4.2.7 राष्ट्रीय सम विकास योजना (आर एस वी वाई) के अन्तर्गत आबंटन के वी आई सी,पी एम आर वाई, एस जी एस वाई, जे एस आर वाई, आदि के अन्तर्गत किए गए आबंटनों सहित विभिन्न केन्द्र प्रायोजित/केन्द्रीय योजना/ राज्य योजना स्कीमों के अन्तर्गत उपलब्ध सहायता के पूर्ण रुप से समाप्त हो जाने के पश्चात् ही किया जाना चाहिए ।

4.2.8 राष्ट्रीय सम विकास योजना के अन्तर्गत निधियों का प्रयोग परियोजनाओं के लिए किया जाना चाहिए और ना कि प्रशासनिक भवनों के निमार्ण अथवा नवीकरण, स्थापना लागत/ स्टॉफ लागत और अन्य इस प्रकार की स्कीमों पर। इस कार्यक्रम के लिए कोई नये पद सृजित नहीं किए जाने है ।

4.2.9 सभी स्कीमों को तीन वर्ष की निर्धारित समय -समय के भीतर पूरा किया जाना है । लागत बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएंगी ।यदि कोई परियोजना 3 वर्ष में पूरी नहीं की जा सकती तो उसे सभी शामिल किया जा सकता है यदि राज्य सरकार तीन वर्ष की अवधि के पश्चात् इसे वित्त पोषित करने का वचन देती है।

4.2.10 यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि स्कीमों संधारणीय हों और परिसम्पयिों की सावधानी से आयोजित की जाए ताकि वे लाभप्रद हों तथा स्कीम समाप्त हो जाने के पश्चात् भी बनी रहें ।प्रत्येक परियोजना की संधारणीयता की ओर विशेष ध्यान दिया जाना है ।सामुदायिक परिसम्पतियों के मामले में, जहॉ संभव हो, कार्यक्रम में ही भविष्य में होने वाले रख-रखाव शामिल होना चाहिए । अर्थात् यदि एक सामुदायिक हॉल का निर्माण किया जाता है तो वे व्यक्ति जो उसका प्रयोग करते हैं, उनपर प्रभार लगाए जाने चाहिए ताकि रख-रखाव के लिए एक संग्रह निधि स्थापित की जा सके ।

4.2.11 जिले के भीतर गरीब पॉकेटों और अलाभान्वित समुदायों पर ध्यान केन्द्रित करने के प्रयास किए जाने चाहिए ।

4.2.12 योजना जिले के लिए विजन पर आधारित होनी चाहिए और ना कि स्कीमों का समूह होना चाहिए जिनके लिए मौजूदा स्रोतों से किया जाने वाला वित्तपोषण अपर्याप्त रहता है ।

5. जिला योजनाएं तैयार करने हेतु कदम

5.1 पहला कदम जिले में वर्तमान स्थिति का जायजा लेना होगा अर्थात् एक संसाधन सूची, विभिन्न स्कीमों के लिए, निधियों का मौजूदा प्रवाह, जिले की सामर्थ्य, महत्वपूर्ण अन्तरालों की पहचान और इन अन्तरालों को भरने के लिए स्कीमों तैयार करना । इस प्रक्रिया में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआईज और एन जी ओज) गैर- सरकारी संगठनों को शामिल किया जाना चाहिए ।जिले में ऋण के उच्च प्रवाह को सुनिश्चित करने के एि जिला योजना तैयार करते समय नाबार्ड द्वारा तैयार की गइ जिले की पोटेशियेकल लिंक्ड क्रेडिट प्लान का प्रयोग

किया जाए । बैच मार्क बैचमार्क सर्वेक्षण शुरु करने के निदेश दिए जाने चाहिए।

5.2 योजना नीचे दिए गए स्कीम अध्याय के अनुसार तैयार की जानी चाहिए और योजना आयोग के प्रधान सलाहकार/सलाहकार जिन्हें जिला सौंपा गया है; के परामर्श सहित राज्य स्तर की संचालन समिति द्वारा अनुमोदित कराई जानी चाहिए।

5.3 योजना को योजना आयेाग को भेजा जाना है जहॉ इसकी संबंधित विषय प्रभागों द्वारा जांच की जाएगी और अथवा संशोधनों के लिए वापिस भेजी जाएगी अथवा अनुमोदन हेतु अधिकार प्राप्त समिति को प्रस्तुत की जाएगी। अधिकार प्राप्त समिति के अनुमोदन और सारांश रिकार्ड की प्राप्ति के पश्चात् राज्य सहमति ज्ञापन (एमओए का फार्मेट संलग्नक **III** पर है) हस्ताक्षरित सहमति ज्ञापन की प्रति राज्य सरकार को भेजी जाएगी और जिले के लिए निधियों की पहली किश्त जारी की जाएगी ।

6. स्कीम अध्याय

6.1 प्रत्येकजिला योजना में जिले की विशिष्ट समस्याओं और सुझाई गई कार्यनीति पर प्रकाश डालते हुए एक कार्यकारी सारांश निहित होना चाहिए । प्रत्येक योजना दस्तावेज में निम्नलिखित अध्याय होने चाहिए ।

1. पृष्ठभूमि
2. संसाधन सूची
3. एस डब्ल्यू ओ टी विश्लेषण और गंभीर अंतरालों की सूची

4. उद्देश्यों का सारांश/ तीन वर्षो के पश्चात् उपलब्ध किए जाने वाले प्रत्याशित लाभ ।
5. तिमाहीवार समय और लागत अनुसूचियों सहित स्कीमों के व्यौरे
6. बैचमार्क सर्वेक्षण/मानीटरिंग और समवर्ती मूल्यांकन
7. संलग्नक

6.2 पृष्ठभूमि

6.2.1.इस अध्याय में निम्मलिखित सूचना शामिल होनी चाहिए :

1. विशेष रूप से राजधानी शहर और अन्य बड़े उपयोग केन्द्रों तक पहुंच के अर्थ में अवस्थिति ।

2. पिछड़े जिले पहल के संचालन और कार्यान्वयन के लिए ढांचे के विशेष संदर्भ सहित प्रशासनिक ढांचा ।

3. राज्य और राष्ट्रीय औसतों के साथ तु लना किए गए जनसंख्या/घनत्व और सामाजिक-आर्थिक संकेतकों संबंधी बुनियादी डाटा ।

6.3. **संसाधन सुची**

1. प्राकृतिक संसाधन अर्थात् वन, खनिज, नदियॉ और झरने आदि ।
2. मानव संसाधन अर्थात् कार्यशील आयुवर्ग में जनसंख्या, बेरोजगारी का स्तर, उपलब्ध कौशल ।
3. आधारिक संरचना अर्थात् सड़के, रेलवे, दूर-संचार, सिंचाई, ऋृण सुविधाएं, अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल और कालेज आदि ।
4. व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, अनुसंधान संस्थान, आई सी ए आर संस्थान, पौलिटैक्निक/ आई टी आईज, इंजीनियरिंग कालेजों, आदि सहित संस्थान ।
5. प्रभावी गैर-सरकारी संगठन, स्व-सहायता समूह आदि ।
6. जिले की विशेष आर्थिक कार्य-कलाप ।

सामर्थ्य कमजोरियां, अवसरों और धमकियॉ (एस डब्ल्यु ओ टी) विश्लेषण और महत्वपूर्ण अन्तरालों की पहचान

1. सामर्थ्य और कमजोरियों पर प्रकाश डालना तथा धमकियों पर काबू पाते हुए सामर्थ्य बढ़ाना ।
2. विकास में बाधा डालने वाले प्रशासनिक संरचनाओं/ नियमों/कानूनों पर प्रकाश डालना ।
3. क्षेत्रों की पहचान (स्थानिक) जिनकी ओर विशष ध्यान दिया जाना अपेक्षित है ।
4. उन समुदायों/ समूहों की पहचान करना जिन्हें विशिष्ठ हस्तक्षेपों की आवश्यकता है ।
5. तीन-चार अग्रणी क्षेत्रकों की पहचान करना ।
6. इन क्षेत्रकों में महत्वपूर्ण अतरालों की पहचान करना ।

टिप्पणी : जिला योजना को निर्दिष्ट करना चाहिए कि क्या स्कीम को जिले के भीतर अधिक गरीब पाकेटों में ही केन्द्रित करना चाहिए अथवा यह जिलें के सभी भागों में लागू होनी चाहिए । इसी प्रकार एक निर्णय लिया जाना चाहिए कि क्या कतिपय समूहों /समुदाय विशेष ध्यान दिए जाने के पात्र हैं अथवा नहीं ।

6.3 **योजनाबद्व ब्योरे**

1. निम्नलिखित क्षेत्रकों पर विशेष ध्यान दिया जाए:

- चैक डेमों सहित भूमि और जल प्रबंधन, पारम्परिक जल संरचनाओं, लघु स्तर (लिफ्ट) सिंचाई परियोजनाओं, लघु मोड बांधों इत्यादि का पुनरूद्धार ।
- स्वास्थ्य आधारिक संरचना विशेष रूप से ए एन एम/आंगनबाडी़ केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण और संस्थागत डिलीवरियों हेतु सुविधाओं का प्रावधान ।
- शिक्षा आधारिक संरचना ।
- मार्किट में उभरती मांग और हथकरघा, रेशम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, वर्तन बनना लकड़ी का काम, खिलौने बनाने और अन्य पारम्परिक विधा विशेष इत्यादि में स्थानीय कारीगरों की दक्षताओं के अनुसार व्यावसायिक रूप से लाभकारी संगत कुशलताओं जैसे बिजली की वस्तुओं को बनाना, प्लम्बिंग, लघु निर्माण, मोटर साइकिल/पम्प मरम्त इत्यादि को अपग्रेड करने के लिए आउटरीच प्रणाली का उपयोग करते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु आधारिक संरचना को बढ़ाना ।
- सघन क्षेत्रों विशेष रूप सिंचाई स्त्रोतों के सभी कमाण्ड क्षेत्रों में कृषि और बागवानी कार्यो के तीव्रीकरण, जल संसाधनों के अभीष्टतम उपयोग हेतु कमाण्ड क्षेत्र के फार्म पर ही विकास, शुष्क भूमि कृषि/स्थानिय स्थितियों के योग्य उच्च मूल्य कृषि की शुरूआत, पशुरोग संबंधी सुविधाओं और विपणन आधारिक संरचना के माध्यम से डेयरी, छोटे पशुओं और मत्स्य पालन से होने वाले उत्पादन में सुधार करके, इत्यादि के माध्यम से कृषि और संम्बद्व कार्य-कलापों से आय में वृद्वि करना ।
- वास्तविक आधारिक संरचना जैसे महत्वपूर्ण सड़क सम्पर्को, ग्राम विद्युतीकरण, इत्यादि के महत्वपूर्ण अन्तरालों को भरना ।
- नाबार्ड द्वारा जिले के लिए तैयार की गई संभाव्यता संबंधित क्रेडिट योजना में पहचान की गई कमियों पर ध्यान दिया जाना चाहिए ।
- स्वास्थ्य, शिक्षा और पशु संबंधी क्षेत्रकों में परिसम्पत्तियों को बनाए रखने के लिए जिले द्वारा 15% तक निधियों का उपयेाग किया जाए । तथापि, रखरखाव से पूर्व और बाद में परिसंपत्ति का दृश्य प्रलेखन प्रस्तुत करना होगा।
- वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों के मामले में कुल परिव्यय का 7.5% सुरक्षा संबंधी परियोजनाओं जैसे पुलिस बलों/अर्ध सैनिक संगठनों को सम्बद्वता उपलब्ध कराने के लिए पुलों/सड़कों के निर्माण हेतु उद्विष्ट किया जाए । इसके अतिरिक्त, यदि उपयुक्त/संभाव्य पाया जाए तो स्कीमों के कार्यान्वयन में पुलिस/अर्धसैनिक संगठनों को भी स्कीमों के कार्यान्वयन में शामिल किया जाए।

6.6 बेंचमार्क सर्वेक्षण/मानीटरिंग

6.6.1 कोई भी संस्थान जो जिले में है अथ्वा उसके नित सान्निध्य में है, उसकी इस कार्य हेतु पहचान की जानी चाहिए और कार्यक्रम की मानीटरिंग व मध्यावधि मूल्यांकन करने के लिए बेंचमार्क सर्वेक्षणेां हेतु वार्षिक आधार पर 4 से 5 लाख रू0 की राशि आवंटित की जानी चाहिए । प्रथम चरण में वर्तमान सुविधाओं/संसाधनें का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए जिससे भविष्य में किए जाने वाले मूल्यांकनों हेतु बेंचमार्क उपलब्ध होगा । एक एमआई एस तैयार की जानी चाहिए जिसमें प्रत्येक तिमाही में स्कीमों की वास्तविक और वित्तीय प्रगति इंगित की जाएगी । तिमाही के आधार पर प्रत्येक परियोजना हेतु संगत आउटपुट सूचकों का उल्लेख किया जाना चाहिए जिससे उसके आधार पर प्रगति को मानीटर किया जा सके । स्कीम अवधि की समाप्ति के पश्चात् मूल्यांकन हेतु लम्बी पक्वना अवधि वाले आउटपुट सूचकों का भी उल्लेख किया जाए । कडी़ मॉनीटरिंग अनुसूची कार्यान्नवयन प्रक्रिया का ही हिस्सा होनी चाहिए ।स्कीमों की मानीटरिंग राज्य स्तरीय संचालन समिति/गैर-सरकारी संगठनों द्वारा की जानी चाहिए और अधिकार प्राप्त समिति व उच्च स्तरीय समिति द्वारा समीक्षा किए जाने के लिए तिमाही प्रगति रिपोर्टे योजना आयोग को प्रस्तुत की जानी चाहिए ।

6.6.2 प्रत्येक जिले के लिए एक वेबसाइट तैयार किया जाना है जो जिले की पृष्ठभूमि सूचना, जिला योजना, बेंचामार्क सर्वेक्षण के परिणाम और तैयार की गई एम आई एस की जानकारी होगी जिसे विकसित किया गया है । स्कीमों की प्रगति को दर्शाने के लिए इसे साप्ताहिक आधार पर अद्यतन किया जाना चाहिए।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक: रा0स0वि0यो03-7/05-1883/यो0वि0,पटना, दिनांक 13 अगस्त, 2005

प्रेषक,

विजय कुमार वर्मा,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,

गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा, पटना, नालन्दा, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, मुजफ्फरपुर, सुपौल, पूर्णियाँ, कटिहार, अररिया, जमुई, लक्खीसराय, वैशाली, शिवहर, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, बिहार ।

विषय: राष्ट्रीय सम विकास योजना अंतर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल योजना के अधीन स्टेशनरी, वाहन हेतु पेट्रोल तथा परियोजनाओं के डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु राशि के वहन के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राष्ट्रीय सम विकास योजना अंतर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल के अधीन कार्यान्वित की जानेवाली योजना के कार्यान्वयन में स्टेशनरी, वाहन हेतु पेट्रोल एवं डी0पी0आर0 तैयार करने में व्यय की राशि के वहन के संबंध में जिला पदाधिकारियों द्वारा बार-बार अनुरोध किया जाता रहा है । राज्य सरकार ने विचारोपरान्त निर्णय लिया है कि राष्ट्रीय सम विकास योजना अंतर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल अंतर्गत जिले को उपलब्ध करायी गयी राशि का 0.5 प्रतिशत राशि स्टेशनरी, एक वाहन के लिए प्रतिमाह 110 लिटर पेट्रोल, डीजल तथा परियोजनाओं के डी0पी0आर0 के तैयारी पर व्यय किया जाय । योजनाओं के डी0पी0आर0 तैयार करने में उपर्युक्त से अधित व्यय होने की स्थिति में अतिरिक्त राशि योजना/परियोजना की लागत मूल्य में जोड़ दिया जाय । किसी भी परिस्थिति में इस राशि से वाहन/क्रय नहीं किया जायेगा ।

अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्णय के आलोक में योजनाओं का कार्यान्वयन द्रुत गति से कराने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन

ह0/-

(विजय कुमार वर्मा)

आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक: रा0स0वि0यो03-7/05-1883/यो0वि0,पटना, दिनांक 13 अगस्त, 2005

प्रतिलिपि: सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/योजना से संबंधित सभी आयुक्त एवं सचिव/सचिव/सभी संबंधित जिला योजना पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-

आयुक्त एवं सचिव ।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक–रा0स0वि0यो03–8/2005–2315/यो0वि0,पटना,दिनांक 28.09.2005

प्रेषक,

श्री अशोक कुमार सिन्हा,

सरकार के उप सचिव ।

सेवा में,

राष्ट्रीय सम विकास योजना से संबंधित

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय: राष्ट्रीय सम विकास योजना अंतर्गत पिछड़े जिलों के पहल के अधीन प्राप्त राशि पर अर्जित सूद के उपयोग के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि राष्ट्रीय सम विकास योजना अंतर्गत पिछड़े जिलों के लिये पहल के अधीन प्राप्त राशि पर अर्जित सूद की राशि के उपयोग के संबंध में विचारोपरान्त निर्णय लिया गया है राष्ट्रीय सम विकास योजना अंतर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल योजना के अधीन आवंटित राशि पर अर्जित सूद की राशि को इस योजना हेतु अतिरिक्त संसाधन के रूप में उपयोग किया जायेगा तथा इसकी पूर्ण विवरण भी त्रैमासिक प्रगति प्रतिवेदन के साथ अलग से अंकित किया जायेगा ।अर्जित सूद की राशि का व्यय आकस्मिक मद में पूर्णत: वर्जित है ।

विश्वासभाजन

ह0/–

(अशोक कुमार सिन्हा)

सरकार के उप सचिव ।

ज्ञापांक–रा0स0वि0यो03–8/2005–2315/यो0वि0,पटना,दिनांक 28.09.2005

प्रतिलिपि– सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/सभी संबंधित जिला योजना पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/–

सरकार के उप सचिव ।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

संख्या- रा0सम0वि0यो0-3-16/06-1178 /यो0वि,बिहार,पटना, 5 अप्रैल,2006

प्रेषक,

एन0 एस0 माधवन,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त,

बिहार ।

विषयः राष्ट्रीय सम विकास योजना (जिला) एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं के जाँच एवं अनुश्रवण के संबंध में ।

महाशय,

राष्ट्रीय सम विकास योजना अंतर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल के अधीन एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत काफी बड़ी संख्या में योजनाओं का कार्यान्वयन क्षेत्रीय स्तर पर कराया जा रहा है । इन योजनाओं की लागत की सीमा एक लाख से दस करोड़ के भीतर है तथा निर्माण प्रकृति की योजनाओं का कार्यान्वयन लोक निर्माण संहिता के प्रावधानों के अनुरुप खुली निविदा के आधार पर संवेदकों के माध्यम से करायी जा रही है । अतः यह आवश्यक है कि कार्यान्वित योजनाओं के स्थल जाँच एवं अनुश्रवण की एक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित व्यवस्था निर्धारित की जाय ताकि सीमित संसाधनों का अधिकतम लाभ गुणवत्ता सहित जन सामान्य को प्राप्त हो सके । इस हेतु एक तालिका निर्धारित की गयी है, जो निम्न प्रकार है-

क्रमांक	**योजनाओं का मूल्य**	**प्रक्षेत्र**	**सीमा**	**जाँच पदाधिकारी**
1	एक लाख रूपये से कम की योजनाओं	सभी प्रक्षेत्र	प्रखंड	जिला / अनुमंडल में पदस्थापित उप समाहर्ता या योजना से संबंध नहीं रखने वाले लाईन विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी
2(क)	एक लाख से पाँच लाख रूपये तक की योजनाओं	कार्य	जिला	उप समहर्ता जो इस योजना से संबंधित नहीं है एवं सहायक अभियंता जो योजना से संबंधित नहीं हों (कनीय अभियंता,

क्रमांक	योजनाओं का मूल्य	प्रक्षेत्र	सीमा	जॉच पदाधिकारी
				यदि सहायक अभियंता अनुपलब्ध हों)
(ख)	एक लाख से पॉच लाख रूपये तक की योजनाओं	अकार्य	जिला	अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर के उप समाहर्ता/लाइन विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी जो योजना से संबंधित न हों एवं कार्यपालक अभियंता जो उस विभाग से संबंधित न हो । कार्यपालक अभियंता की अनुपलब्धता में सहायक अभियंता ।
3	पॉच लाख से पच्चीस लाख रूपये तक की योजनाओं	कार्य	जिला	
		गैर कार्य		अनुमंडल पदाधिकारी स्तर के उप समाहर्ता/लाइन विभाग के जिलास्तरीय अधिकारी जो योजना से संबंधित न हों।
4	पच्चीस लाख से पच्चास लाख रूपये तक की योजनाओं	वर्ष कार्य तथा गैर कार्य	जिला	उप विकास आयुक्त/ वरिष्ठ अपरसमाहर्ता एवं कार्यपालक अभियंता जो योजना से संबंधित न हों।
5	पच्चास लाख से एक सौ पच्चास लाख रूपये तक की योजनाओं *	कार्य एवं गैर कार्य	जिला	जिला पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी द्वारा बनायी गयी अभियंताओं की टीम।
6	एक सौ पच्चास लाख एवं उपर की योजनाओं *	कार्य एवं गैर कार्य	प्रमंडल	प्रमंडलीय आयुक्त और प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा बनायी गयी अभियंताओं की टीम ।

* योजनाओं के फोटोग्राफी अनिवार्य है ।

यह प्रमंडलीय आयुक्तों का दायित्व होगा कि उपर्युक्त तालिका के अनुरुप जॉच पदाधिकारी का चयन कर प्रतिनियुक्ति का आदेश निर्गत करेंगे। यदि किसी जिला विशेष में आवश्यक संख्या में पदाधिकारी उपलब्ध नहीं है, तो प्रमंडल के अधीन आने वाले अन्य जिलों से पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त करेंगे ।

प्रतिनियुक्त जाँच पदाधिकारियों द्वारा 5.00 लाख से कम लागत की योजनाओं से संबंधित जाँच प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी को दिया जायेगा तथा 5.00 लाख से उपर लागत की योजनाओं का जाँच प्रतिवेदन संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त को उपलब्ध कराया जायेगा, जिसकी प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी को भी दी जायेगी । इन पर प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जायेगी । प्रमंडलीय आयुक्त अपने जाँच प्रतिवेदन को मंतव्य के साथ योजना एवं विकास विभाग को उपलब्ध करायेंगे । जाँच हेतु मानक अनुलग्नक 'क' के साथ संलग्न है ।

प्रत्येक योजना का स्थलीय निरीक्षण/जाँच न्यूनतम तीन बार होना अनिवार्य होगा जिसमें दो बार निरीक्षण/जाँच कार्यान्वयन अवधि में क बार योजना एवं पूर्ण होने पर कराना अनिवार्य होगा ।

संलग्न प्रपत्र IV में योजना का नाम एवं प्रा0 राशि जिलों में संधारित प्रपत्र II के अनुरुप होगा । इसमें जाँच पदाधिकारियों की नियुक्ति संबंधित आयुक्त के स्तर से होने के बाद जाँच पदाधिकारियों के नाम अंकित कर योजना एवं विकास विभाग को उपलब्ध करावेंगे ।ताकि इन नामों को वेबसाईट में डाला जा सके ।

अनुलग्नक: यथोक्त ।

विश्वासभाजन

ह0/-

(एन0 एस0 माधवन)

आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक: रा0सम0वि0यो0-3-16/06- /यो0वि,बिहार,पटना, अप्रैल,2006

प्रतिलिपि - मुख्य सचिव,बिहार/विकास आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह0/-

आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक: रा0सम0वि0यो0-3-16/06- /यो0वि,बिहार,पटना, अप्रैल,2006

प्रतिलिपि: पत्र की प्रतिलिपि राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना से संबंधित सभी जिला पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-

आयुक्त एवं सचिव ।

अनुलग्नक 'क'

योजनाओं के जॉच/ निरीक्षण हेतु मानक प्रपत्र

(जॉच/ स्थलीय निरीक्षण की तिथि .....)

जिला :- प्रखण्ड:- पंचायत:-

(1) कार्यक्रम का नाम:-

(2) योजना का नाम एवं संख्या:-

प्रक्षेत्र

(3) योजना की प्रकृति:- (संख्या/ कि.मी./हेक्टेयर)

(4) प्रशासनिक अनुमोदन की तिथि:-

(5) निविदा स्वीकृति की तिथि:-

(6) योजना पूर्णता की निर्धारित तिथि:-

(7) कार्य एजेन्सी का नाम/विभाग/सम्वेदक:-

(8) प्राक्कलित लागत:-

(9) कार्यकारी एजेन्सी को विमुक्त राशि:-

(10) (i) मापी पुस्तिका के अनुसार किया गया अद्यतन कार्य:-

(ii) अन्तिम मापी की तिथि:-

(11) (i) सम्वेदक को किये गये अद्यतन भुगतान की राशि:-

(ii) अन्तिम भुगतान की तिथि:-

(12) भौतिक प्रगति:- (प्रतिशत में)

(13) किये गये कार्य पर मन्तव्य (प्रारम्भ नहीं/ संतोषप्रद/ असंतोषप्रद)

(14) विलम्ब का कारण (यदि कोई हो):-

(15) पूर्व में किये गये निरीक्षण का विवरण:-

क्रमांक	जॉच की तिथि	जॉच पदाधिकारी	दिये गये निदेश का विवरण	अनुपालन की स्थिति	अनुपालन नहीं होने के कारण
1	2	3	4	5	6

(16) योजना कार्यान्वयन के प्रगति के विभिन्न चरणों के फोटोग्राफी को सुरक्षित संधारित रखा गया है अथवा नहीं ?

(17) योजना कार्यान्वयन के संबंध में मन्तव्य:-

तकनीकी जॉच पदाधिकारी
नाम एवं पदनाम

प्रशासनिक जॉच पदाधिकारी का
का नाम एंव पदनाम

(ध्यान दें:- जॉच प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफी की प्रति नामित वरीय पदाधिकारी को भेजने के साथ योजना अभिलेख के साथ भी सुरक्षित रखा जाय)

{ PROFORMA-IV }

RASTRIYA SAM VIKAS YOJNA

DEPUTATION ORDER FOR INSPECTING OFFICER

Name of the District- **Month-** (Rs in Lakh)

Name of the Sector & Code-

Sl.No.	Name of the Scheme	Work/ Non Work	Unit	Estimated Cost	Administrative Inspecting Officer		Technical Inspecting Officer	
					Name	Desig - nation	Name	Desig- nation
1	2	3	4	5	6	7	8	9

(Signature)
Commissioner of Division …….

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

---

27 अग्रहायण 1925(श0)

(सं0 पटना 689) पटना, वृहस्पतिवार, 18 दिसम्बर, 2003

ज्ञापांक-3296/यो0वि0

योजना एवं विकास विभाग

संकल्प

12 दिसम्बर, 2003

योजना आयोग द्वारा राष्ट्रीय सम विकास योजना के अधीन पिछड़े जिलों के लिए विशेष पहल योजना में बिहार राज्य में गया, जहानाबाद, रोहतास एवं कैमूर जिलों को चिन्हित किया गया है । इस उग्रवाद प्रभावित जिलों में पूरे उद्व्यय की 7.5 प्रतिशत राशि सुरक्षा संबंधी परियोजना पर खर्च की जाएगी । इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य निम्न कृषि उत्पादकता, अभियोजना की समस्या को दूर करना तथा भौतिक एवं सामाजिक आधारभूत संरचनाओं में क्रांतिक अंतरालों(Critical gaps) को पाटना है ।

2. इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर एक स्टीयरिंग कमिटि का गठन निम्नानुसार किया जाता है:-

(1) मुख्य सचिव- अध्यक्ष
सदस्यगण
(2) विकास आयुक्त
(3) वित्त आयुक्त
(4) गृह सचिव
(5) आयुक्त एवं सचिव, जल संसाधन विभाग
(6) आयुक्त एवं सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(7) सचिव, पथ निर्माण विभाग
(8) सचिव, योजना एवं विकास विभाग-सदस्य सचिव

---

3. राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमिटि को यह अधिकार होगा कि संबंधित विभागीय सचिवाबंधित जिला पदाधिकारी संबंधित पुलिस अधीक्षक को आवश्यकतानुसार समिति की बैठक में आमंत्रित कर सके ।

4. इस परियोजना के तहत चुने गए जिले के लिए एक जिला योजना तैयार की जायेगी जिसमें सभी स्रोतों से हो रहे निधि के प्रवाह को ध्यान में रखा जायेगा, तदुपरांत इस मद में प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग इस योजना के उद्देश्य को पूरा करने के लिए किया जायेगा ।

आदेश-आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार गजट के असाधारण गजट में प्रकाशित किया जाय ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(देवेन्द्र नारा यण सिन्हा)
सरकार के उप सचिव ।

अधीक्षक, राजकीय लेखन सामग्री भंडार एवं प्रकाशन, पटना द्वारा प्रकाशित तथा अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, बिहार, पटना द्वारा मुद्रित ।

बिहार गजट(असाधारण), 689-लाईनों--571--25--एम0 एस0 हसस

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

आ0संख्या: रा0स0वि0यो03-19/2004-**1846**/यो0वि0,पटना दिनांक 11 अगस्त, 2005

आदेश

राष्ट्रीय सम विकास योजना के तहत पिछड़े जिलों के लिए पहल योजना के अधीन जो कार्य कराये जाने हैं, उन्हें लोक निर्माण संहिता के अनुरुप तथा निविदा के माध्यम से कराये जाने का अनुदेश निर्गत है । जिला पदाधिकारियों की राज्य स्तरीय बैठक में इसके तहत लघु निर्माण प्रकृति के कार्यों को कराये जाने के विषय पर दिशा-निदेश की माँग की गयी थी । दिनांक **15.07.2005** को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में इस विषय से संबंधित बैठक में इसकी पूर्ण समीक्षा के उपरांत संकल्प संख्या **981** दिनांक **17.05.2005** के प्रावधानों में निम्न प्रकार से संशोधन किये जाने के बिन्दु पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई है:-

(क) विद्यालय भवन निर्माण:- विद्यालय भवन के निर्माण कार्य संबंधित विद्यालयों के शिक्षा समिति तथा उच्च विद्यालयों के मामलों में प्रबंधन समिति द्वारा कराया जा सकता है ।

(ख) आँगनवाड़ी भवन का निर्माण:- आँगनवाड़ी केन्द्रों के भवन का निर्माण कार्य गठित माताओं की समिति द्वारा कराया जा सकता है।

(ग) एक मार्केट यार्ड का निर्माण:- छोटे-छोटे मार्केट यार्ड के निर्माण कार्य पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से कराया जा सकता है ।

2. दिशा निदेश के उपर्युक्त प्रावधान विद्यालय भवन, आँगनवाड़ी भवन एवं मार्केट यार्ड के उन्हीं योजनाओं, जिनको अधिकतम लागत सीमा **5.00** लाख रुपये होगी, पर लागू होगी । पाँच लाख रुपये से उपरी सीमा के योजनाओं पर पूर्व संकल्प संख्या **981** दिनांक **17.05.2005** के प्रावधान यथावत् रहेंगे ।

3. उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के कार्यों के संदर्भ में संकल्प संख्या **981** दिनांक **17.05.2005** जिसके तहत योजनाओं का कार्य लोक निर्माण संहिता के अनुरुप निविदा के माध्यम से कराया जाना है, यथावत् रहेगा ।

(**विजय कुमार वर्मा**)

आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक: रा0स0वि0यो03-19/2004-**1846**/यो0वि0,पटना दिनांक 11 अगस्त, 2005

प्रतिलिपि: सभी विभागों के आयुक्त एवं सचिव/सचिव/संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ सभी संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित जिला योजना पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

आयुक्त एवं सचिव।

बिहार सरकार

वित्त विभाग

संकल्प

विषय: योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया एवं शक्तियों का प्रत्यायोजन ।

प्रसंग: वित्त विभागीय संकल्प संख्या-एम04-45/94-पार्ट-I-5685वि0(2) दिनांक 08.10.2005

1. उपर्युक्त प्रसंग के द्वारा योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया एवं शक्तियों के प्रत्यायोजन संबंधी विस्तृत निदेश निर्गत किये गये थे । राज्य सरकार द्वारा परियोजनाओं का त्वरित स्वीकृति के लिए प्रशासनिक स्वीकृति की शक्तियों में वृद्धि का निर्णय लिया गया है । तदनुसार उपर्युक्त प्रसंग की कंडिका 10 उप कंडिका(IX) के अंतर्गत योजना मद में नई योजना स्कीम के लिए समीक्षा प्राधिकार एवं स्वीकृति प्राधिकार की शक्ति यॉं निम्न प्रकार से संशोधन की जाती है:-

क्रमांक	समीक्षा प्राधिकार	स्वीकृति प्राधिकार	वर्त्तमान शक्तियॉं	नई शक्तियॉं
1	प्रशासी विभाग	विभागीय सचिव	50 लाख तक	*2.50 करोड़ तक
2	विभागीय स्थायी वित्त समिति	विभागीय मंत्री	50 लाख से 2. 50 करोड़ तक	*2.50 करोड़ से 5.00 करोड़ तक
3	विभागीय स्थायी वित्त समिति	विभागीय मंत्री	2.50 करोड़ से 5. 00 करोड़ तक	*2.50 करोड़ से 5.00 करोड़ तक
4	विभागीय स्थायी वित्त समिति	विभागीय मंत्री तथा वित्त मंत्री	5.00 करोड़ सं 10.00 करोड़ तक	*5.00 करोड़ से 10.00 करोड़ तक
5	प्राधिकृत समिति	मंत्रिपरिषद्	10.00 करोड़ से अधिक	20.00 करोड़ से अधिक
6	प्राधिकृत समिति	मंत्रिपरिषद्	नये स्वायत्त संगठन के अधिष्ठापन के संबंध में	यथावत्

*यदि योजना में किसी नये पद के सृजन या पद के उत्क्रमण अथवा न या वाहन के क्रय भी शामिल हों तो प्रस्ताव प्राधिकृत समिति के समक्ष ही प्रस्तुत किया जायेगा । इसी तरह अवधि विस्तार के प्रस्ताव भी प्राधिकृत समिति के समक्ष ही प्रस्तुत किये जायेंगे ।

2. राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत योजनाओं की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति हेतु शक्तियों का प्रत्यायोजन:-

यह देखा गया है कि राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत काफी संख्या में योजनायें हैं जिनपर वर्त्तमान प्रत्यायोजित शक्ति के अंतर्गत प्रत्यायोजन एवं तकनीकी स्वीकृति स्वीकृति प्राप्त करने में अत्यन्त विलंब होता है ।

इस प्रक्रियात्मक विलंब को कम करने के लिए यह आवश्यक है कि प्रमंडलीय आयुक्त/अधीक्षण अभियंता के स्तर पर और अधिक शक्तियों का प्रत्यायोजन किया जाय । तदनुसार उपर्युक्त योजनाओं के लिए ही निम्नवत् तकनीकी एवं प्रशासनिक शक्तियों का प्रत्यायोजन किया जाता है:-

प्रमंडलीय आयुक्त	प्रशासनिक स्वीकृति	50 लाख से 10.00 करोड़ तक
जिला पदाधिकारी	प्रशासनिक स्वीकृति	50 लाख रुपये तक
अधीक्षण अभियंता	तकनीकी स्वीकृति	50 लाख से 10.00 करोड़ तक
कार्यपालक अभियंता	तकनीकी स्वीकृति	50 लाख रुपये तक

उपरोक्त शक्तियाँ मात्र राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के संबंध में ही लागू होंगी । अन्य मामलों में लोक निर्माण संहिता के प्रावधान यथावत् लागू रहेंगे ।

3. उपर्युक्त कंडिका 1 द्वारा प्रत्यायोजित शक्तियों के तदनुरुप कार्यपालक नि यमावली में संशोधन के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग से अनुरोध किया जा रहा है ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(आलोक वर्द्धन चतुर्वेदी)
अपर वित्त आयुक्त(व्यय)

ज्ञापांक: 3828(वित्त), पटना, दिनांक 12.06.2006

प्रतिलिपि: मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, बिहार, पटना के संकल्प के अनुसार का र्यपालक नियमावली में संशोधन करने के अनुरोध के साथ प्रेषित ।

अपर वित्त आयुक्त(व्यय)

ज्ञापांक: 3828(वित्त), पटना, दिनांक 12.06.2006

प्रतिलिपि: महालेखाकार, बिहार, पटना/सरकार के सभी विभाग/विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अपर वित्त आयुक्त(व्यय)

ज्ञापांक: 3828(वित्त), पटना, दिनांक 12.06.2006

प्रतिलिपि: वित्त विभाग के सभी पदाधिकारी/सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अपर वित्त आयुक्त(व्यय)

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक- रा0स0वि0यो03-20/06-1026/यो0वि0, पटना, दिनांक 6 मई, 2006

प्रेषक,

एन0 एस0 माधवन,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

आयुक्त, पटना प्रमंडल, मगध प्रमंडल, तिरहुत प्रमंडल, दरभंगा प्रमंडल, कोशी प्रमंडल एवं पूर्णियाँ प्रमंडल ।

राष्ट्रीय सम-विकास योजना से संबंधित सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय: राष्ट्रीय सम विकास योजना का वेवसाइट निर्माण के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि -

1. राष्ट्रीय सम-विकास योजना के अंतर्गत पिछड़ा जिला पहल के माध्यम से राज्य के 21 जिलों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को त्वरित गति देने का लक्ष्य निर्धारित है । इन कार्याक्रमों के अंतर्गत प्रत्येक जिले का जिला योजना प्रारूप तैयार किया गया है तथा इस जिला योजना प्रारूप में सम्मिलित योजनाओं का कार्यान्वयन भी कराया जा रहा है । सरकार के द्वारा यह निर्णय लिया गया है इन योजनाओं के लिए वेवसाइट तैयार किया जाय जिसमें जिले की पृष्ठभूमि सूचना, जिला योजना में सम्मिलित एवं कार्यान्वित सभी योजनाओं का पूर्ण विवरण एवं सर्वेक्षण/जाँच के परिणाम अंकित होगें । इससे योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता तो होगी ही साथ ही साथ समस्त योजनाओं की जानकारी जन सामान्य को भी प्राप्त हो सकेगी ।

2. इस वेवसाइट में योजना एवं विकास विभाग के द्वारा निर्धारित अनुश्रवण प्रपत्र II के अनुसार प्रत्येक जिला के लिए कुल निर्धारित उद्व्यय 45.00 करोड़ (राष्ट्रीय सम विकास योजना के संदर्भ में) की समस्त योजनाओं को पंचायतवार अंकित की जायेगी । वेवसाइट में संवेदकों के नाम, जाँच पदाधिकारियों के नाम एवं पदनाम तथा पचास लाख एवं उससे उपर लागत की योजनाओं की अद्यतन फोटोग्राफी का विवरण होगा । वेवसाइट में सम्मिलित होने वाले आइटमों की सूची को अनुलग्नक क में देखा जा सकता है । वेवसाइट तैयार करने के लिए निम्नलिखित सूचनाओं की सहजता से उपलब्धता अनिवार्य होगी:-

2.1 प्रपत्र II (पंचायतों के नाम के उल्लेख सहित) ।

2.2 कार्यकारी एजेन्सी एवं सम्वेदकों के नाम ।

2.3 प्रमंडलीय आयुक्त के द्वारा नामित जाँच पदाधिकारियों की सूची (विभागीय पत्रांक 1178 दिनांक 05.04.2006 के संदर्भित) ।

2.4 50.00 लाख एवं उससे उपर लागत की योजनाओं की अद्यतन (जैसे हो वैसे) फोटोग्राफी ।

2.5 आप कृपया इसे सुनिश्चित करेंगे कि उपर्युक्त अंकित ऑकड़े सहजता से उपलब्ध हो जाय क्योंकि यह वांछनीय नहीं होगा कि एक बार वेवसाइट कार्यरत हो जाय तो अपूर्ण ऑकड़े दिखायी दे ।

3. आप अवगत है कि योजना एवं विकास विभाग के द्वारा NIC के सहयोग से जिला योजना पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान केन्द्र पदाधिकारी तथा एक-एक डाटा इन्ट्री ऑपरेटर को प्रशिक्षित किया गया है तथा उन्हें आपके जिले के लिए निर्धारित विशिष्ट पासवर्ड की जानकारी भी दे दी गयी है ।

4. ऑकडों के संकलन के लिए क्रमानुसार प्रक्रिया को एक प्रपत्र में अनुलग्नक के रूप में प्रत्र के साथ संलग्न किया जाता है ।(अनुलग्नक ख)

5. डाटा के संकलन हेतु इंटरनेट ऑन लाइन सुविधा आवश्यक है । अत: जिला योजना कार्यालय को उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर को NIC में स्थापित कराकर इंटरनेट की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं अथवा जिला पदाधिकारी जिला योजना कार्यालय के कम्प्यूटर को इंटरनेट ऑन लाइन की सुविधा अस्थायी तौर पर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्रवाई कर सकते हैं । यदि यह भी संभव नहीं हो तो निजी व्यवस्था के अंतर्गत भी करायी जा सकती है ।निजी व्यवस्था की स्थिति में वेवसाईट डाटा इन्ट्री का कार्य संबंधित जिला योजना पदाधिकारी पूर्णत: अपनी देखरेख में करावेंगे । वैसे जिलों में जहाँ एन0आई0सी0 अथवा इंटरनेट की सुविधा नहीं है, वैसे जिलों में यह कार्य प्रमंडलीय मुख्यालय अथवा पटना में कराया जा सकता है । उपर्युक्त वैकल्पिक व्यवस्थाओं का उल्लेख इसलिए किया जा रहा है ताकि वेवसाइट में RSVY का मूल ऑकड़ों का संकलन पूर्ण एवं शुद्ध रुप से 09.05.2006 तक पूर्ण हो जाय । इस कार्य पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति राष्ट्रीय सम विकास योजना की आकस्मिकता मद के राशि से होगी ।

ऑकड़ों के अपडेटिंग के संबंध में कालान्तर में अलग से दिशा-निर्देश उपलब्ध कराये जायेंगे ।

फोटो गैलेरी:- पत्र के कंडिका 2.4 में अंकित योजनाओं (50.00 लाख अथवा उपर लागत) के फोटोग्राफी के अतिरिक्त, आपके जिला में कार्यान्वित राष्ट्रीय सम विकास योजना के महत्वपूर्ण घटनाक्रम यथा भी0आई0पी0 द्वारा शिलान्यास, उद्घाटन, मेला, सेमिनार, परिसम्पत्ति वितरण इत्यादि का Digitally फोटोग्राफी कराकर उसका सी0डी0 योजना एवं विकास विभाग को उपलब्ध कराया जाय ताकि इन तस्वीरों को Upload कराया जा सके ।

विश्वासभाजन

(एन0 एस0 माधवन)
आयुक्त एवं सचिव।

अनुलग्नक–क

वेवसाइट में अंकित होने वाले आइटमों की सूची

Sl. No.	Items
1	Block
2	Panchayat
3	Sector
4	Nature of Scheme
5	Scheme Name
6	Estimated Cost
7	Physical Target
8	Unit
9	Adm. Approval month & Year
10	Expected Completion Period (in months)
11	Executing Agency
12	Physical Status
13	Physical Completion(%)
14	Amount released to executing agency
15	Total Expd. so far
16	Reporting Month & Year
17	Contractor Name
18	Verification Officer Name
19	Verification Officer Designation
20	Date of Inspection
21	Quality of work
22	Adm & Maintenance agency
23	Current picture for schemes above 50 lakhs

अनुलग्नक - ख

राष्ट्रीय सम विकास योजना के तहत पिछड़ा जिला पहल के अंतर्गत Data Entry के संबंध में दिशा निर्देश

1. RSVY से संबंधित Web Site का Web Address- planning.bih.nic.in है ।

2. राष्ट्रीय सम विकास योजना (जिला) से संबंधित Software में आँकड़ों के इन्ट्री के लिए 5(पाँच) स्क्रीन बनाये गये हैं जो अनुलग्नक ख- Screen 1 से Screen 5 के रुप में संलग्न है ।

3. सर्वप्रथम **अनुलग्नक क** के आइटमों के आधार पर मूल आँकड़ों (Raw Data) से संबंधित विवरणी समेकित रुप में विभिन्न स्रोतों से प्राप्त कर लें।

4. तत्पश्चात् Web Address देकर Web Site खोलें, जिसके क्रम में आपके कम्प्यूटर पर जो स्क्रीन उपस्थित होगा उसे Screen -1 का नाम दिया गया है । इसका अनुलग्नक - **ख** Screen - 1 से सम्पुष्टि हेतु मिलान कर लें ।

5. Screen -1 में सभी जिलों के नाम पूर्व में अंकित है उनमें से आप अपने जिला का नाम चयन करेंगे । प्रत्येक जिला के लिए Password आपको पूर्व में सूचित कर दिया गया है ।

6. जिला के चयन के बाद तीन मुख्य Option आते हैं- Status Report, Block, Panchayat.

7. सर्वप्रथम Block Option का चयन किया जाना है जो **अनुलग्नक -ख** Screen 2 के रुप में दिखायी देगा । इस Screen में जिले के सभी प्रखण्ड के नाम इन्ट्री किया जाना है।

8. सभी प्रखण्ड के इन्ट्री के बाद Panchayat Option का चयन किया जाना है **{अनुलग्नक - ख Screen 3 }** ।इस Screen में किसी एक प्रखण्ड का चयन कर उससे संबंधित सभी पंचायत का नाम इन्ट्री किया जाना है । इसी प्रकार उस जिला के सभी प्रखण्डों के सभी पंचायतों का नाम इन्ट्री किया जाना है । इसके अतिरिक्त अगर कोई स्कीम

हर प्रखण्ड में कार्यरत है तो All Block का Option देना है । यदि योजना नगर क्षेत्र में कार्यरत है तो प्रखण्ड के स्थान पर नगर निगम/परिषद्/पंचायत का नाम अंकित करना है तथा पंचायत के स्थान पर वार्ड अंकित करना है ।

9. उपरोक्त कार्यो के पश्चात योजनावार विवरणी इन्ट्री की जानी है । इसके लिए Status Report का Option चयन करना है । चयन करने पर **अनुलग्नक - ख Screen 4** प्राप्त होता है ।

इस Screen में सर्वप्रथम **Screen 2** एवं **3** में किये गये इन्ट्री के आधार पर तैयार लिस्ट से प्रखण्ड तथा पंचायत का चयन करना है जिसमें संबंधित योजना ली गई है । इस के अगले क्रम में प्रक्षेत्र तथा योजना के Nature/Activity का चयन करना है । प्रक्षेत्रों के नाम पूर्व से सॉफ्टवेयर में अंकित है, इसीप्रकार योजना का Nature/Activity भी पूर्व से सॉफ्टवेयर में अंकित है । सहज सुविधा हेतु उन्हें दिशा निर्देश के साथ **अनुलग्नक ग** के रुप में संलग्न कर दिया गया है । आपके द्वारा योजना का सही प्रक्षेत्र तथा उसका Nature/Activity लिस्ट से चयन कर इन्ट्री करना है ।

10. इसके आगे होने वाली सभी प्रविष्टियाँ Screen 4 में ही होनी है जिसका उल्लेख निम्नवत है ।

Scheme Name- इसमें योजना के नाम को अंकित करना है । योजना के नाम के उल्लेख करते समय निम्नलिखित सावधानियाँ बरतनी है:-

(क) योजना का नाम एकाकी रुप में अंकित होना है, किसी भी परिस्थिति में संयुक्त रुप किये गये नाम अंकित नहीं होंगे ।

(ख) योजना के नाम के साथ स्थल के नाम को अंकित किया जाना अनिवार्य है, यथा गाँव, टोला आदि का स्पष्ट नाम अंकित किया जाय ।

(ग) पथ की योजना, यदि एक से अधिक पंचायत से संबंधित है, तो उस योजना का पूरा नाम का उल्लेख किया जाय परन्तु पंचायत के कॉलम में जिस पंचायत से योजना शुरु हो रही है, उस पंचायत को अंकित किया जायेगा;

(घ) पुल के मामले में आकार, स्पेन आदि का उल्लेख योजना के नाम के साथ किया जायेगा ।

Estimated Cost- इस कॉलम में योजना के प्राक्कलित राशि लाख रुपये इकाई में अंकित किया जाय । दशमलव के बाद दो अंकों तक ही राशि को सीमित रखना है ।

Physical Target & Unit - इकाई दर्शाते हुए भौतिक लक्ष्य दिया जाय । Unit के कॉलम में योजना कार्य के लक्ष्य की इकाई को अंकित करना है यथा:-पथ

के संदर्भ में कि0मी0, भवन के संदर्भ में संख्या, कृषि कार्य आदि के मामले में हेक्टेयर आदि अंकित होंगे ।

Adm Approval Month & Year- जिस माह तथा वर्ष में प्रशासनिक स्वीकृति दी गई उसका उल्लेख किया जाना है । यदि प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त नहीं हुआ हो तो माह एवं वर्ष मे '----' का चयन किया जाना है ।

Expected Completion Period (in months)- योजना के पूर्ण होने की निर्धारित कालावधि का माह(कुल संख्या में) अंकित किया जाय ।

Executing Agency- कार्यकारी एजेन्सी का नाम दिया जाना है। इसके लिए Software में दिए गए लिस्ट से नाम चयन करना है।(अनुलग्नक- घ)

Physical Status- इसके लिए Software में तीन Option पूर्व से अंकित है- Not Started, Work in Progress एवं Completed.

उन योजनाओं के लिए Not Started चयन करना है जिनपर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं की जा सकी है । यहाँ इस संदेह को दूर कर लिया जाय कि यदि प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गयी है परन्तु कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, उसके लिए इस Option को चयन नहीं करना है बल्कि इसके लिए Work in Progress का चयन किया जाय ।

जिन योजनाओं पर प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गयी है तथा कार्य प्रगति पर है उसके लिए Work in Progress का Option चयन करना है ।

पूर्ण योजनाओं के मामले में Completed Option चयन करेंगे ।

Physical Completion %- भौतिक प्रगति का प्रतिशत दिया जाना है।

Amount Released to Executing Agency- कार्यकारी एजेन्सी को विमुक्त की गई राशि का उल्लेख लाख रुपये में अंकित किया जाना है ।

Total Expenditure So far- उक्त योजना में अभी तक की गई कुल वास्तविक व्यय राशि को लाख में दर्शाया जाना है । दशमलव के बाद दो अंको तक ही राशि को सीमित रखना है ।(इसमें कार्यकारी एजेन्सी को दिये गये अग्रिम राशि को नहीं अंकित करना है ।)

Reporting Month & Year- प्रतिवेदन जिस माह, वर्ष का है उसे लिस्ट से चयन करना है ।

Contractor Name- संवेदक का नाम दिया जाना है । फर्म का नाम नहीं ।

Verification Officer Name & Designation- प्रमंडलीय आयुक्त के द्वारा प्रतिनियुक्त जाँच पदाधिकारी का नाम तथा पदनाम ।

Date of Inspection- जाँच की तिथि ।

Quality of Work- प्रतिनियुक्त जाँच पदाधिकारी के द्वारा किये गये जाँच के क्रम में जो जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होंगे, उसके निष्कर्ष के आधार पर कार्य के Quality का Option लिस्ट से चयन किया जाना है- Not Started, Satisfactory, Unsatisfactory .

Administrative & Maintenance Agency- जिस विभाग/संस्थान द्वारा पूर्ण किये गये योजना का संधारण किया जाना है, उसका नाम लिस्ट से चयन किया जाना है । (अनुलग्नक ड़)

उपरोक्त मदों में इन्ट्री के पश्चात् **Add** बटन दबाया जाना है जिससे सभी आँकड़े 'Save' हो जायेंगे ।

11. '**Add'** Button दबाने के बाद **Screen 5** आता है । इस Screen द्वारा 50.00 लाख रुपये से अधिक योजना का फोटो Upload किया जाना है ।

50.00 लाख रुपये से अधिक योजना की फोटो GIF/JPEG format में 72-120 DPI में Scan/Save किया जाना है । इसका SIZE 200 KB से ज्यादा नहीं होना चाहिए ।

'Browse' Button से File का चयन किया जाना है तथा Upload Button से File को Upload किया जाना है ।

अनुलग्नक – ख Screen 1



अनुलग्नक – ख Screen 2



अनुलग्नक – ख Screen 3



अनुलग्नक – ख Screen 4



अनुलग्नक – ख Screen 5



अनुलग्नक – ग

NATURE OF SCHEME UNDER EACH SECTOR OF RSVY

Sl. No.	SECTOR	NATURE OF SCHEME
1	Road & Bridges	Black Top Road
		PCC Road
		Hard Crust Road
		Brick Soling Road
		RCC Bridge Culvert
		Screw Pile Bridge
		Submersible Bridge
		Major Bridge (RCC)
		Others (See Name of Scheme)
2	Health	Sadar Hospital
		Sub-Division Hospital
		P.H.C.
		Addl. P.H.C.
		Health Sub-Centre
		Blood Bank
		Nurse-Midwife Training
		Specialised Hospital
		X-Ray Centre
		Pathology Centre
		Others (See Name of Scheme)
3	Education	Construction/ Repair/ Renovation/Additional Rooms of Primary School
		Construction/ Repair/ Renovation/Additional Rooms of Middle School
		Construction/ Repair/ Renovation/Additional Rooms of High School
		Science Laboratory
		Library
		College-Inter/Degree/Women
		Others (See Name of Scheme)
4	Drinking Water	Drinking Water
		Tube-well
		Hand Pumps

		Well
		Rig-Boring with Pumps
		Water Tanks
		Piped Water Scheme
		Others (See Name of Scheme)
5	Irrigation	Repair of Canal
		Pyne
		Ahar
		Ponds
		Micro Lift Irrigation-Intake Well
		Micro Lift Irrigation-Dug Well
		Others (See Name of Scheme)
6	Agriculture	Upgradation & Renovation of Soil Testing Laboratory
		Seed Testing Lab.
		Integrated Agril. Dev. Centre
		Training
		Mini Cold Storage
		Cultivation of Common Spices/Herbal/ Medicine
		Plant Protection
		Kishan Mela
		Mini Kits Seed Distribution
		Others (See Name of Scheme)
7	Fisheries	Development of Fish Ponds
		Development of Hatchery
		Fish Market
		Training
		Others (See Name of Scheme)
8	Animal Husbandry	District Vetinary Hospital
		Subdivisional Vet. Hospital
		Vet. Centres
		Vet.Sub-Centre
		Mobile Vet. Centre
		Subsidy to Beneficieries
		Training
		Artificial Insemination Centre
		Others (See Name of Scheme)
9	Industries	Mini Rice Mill
		Food Processing Units
		Fruit Processing Units
		Vegetable Processing Units
		Training to Beneficiaries
		Working Capital to Trainees
		Others (See Name of Scheme)
10	Drainage	Construction of Drainage System
		Repair/Renovation
		Others (See Name of Scheme)
11	Security Related	Boundary Wall of Police Station
		Out Posts

		Watch Tower
		Morcha
		Fencing
		Others (See Name of Scheme)
12	Tourism	Development of Tourist Spot/Site
		Beautification
		Construction of Tourist Centre
		Others (See Name of Scheme)
13	Electrification	Non-Conventional Sources of Energy
		Street Lighting
		Solar Lamps
		Generator Set
		Dragon Light
		Search Light
		Feeder
		Others (See Name of Scheme)
14	Sports	Construction of Outdoor Stadium
		Construction of Indoor Stadium
		Sports Training Centre
		Distribution of Sports Kits
		Others (See Name of Scheme)
15	Welfare	Welfare Hostel
		Construction/Repair/Addl. Rooms of SC (Boys) School
		Construction/Repair/Addl. Rooms of SC (Girls) School
		Construction/Repair/Addl. Rooms of ST (Boys) School
		Construction/Repair/Addl. Rooms of ST (Girls) School
		Others (See Name of Scheme)
16	Social Welfare	Construction of Aaganwari Centre
		Centre of Physically Disabled Persons
		RAMPS
		Construction of Godown and Training Centre for ICDS
		Others (See Name of Scheme)
17	Urban Development	Construction of Bus Terminal/Bus Stand/ Auto Stand
		Tower Light
		Urban Drainage
		Others (See Name of Scheme)
18	Others	Disaster Management
		Raised Platform (Flood Control)
		Dairy
		Contigency
		Monitoring
		Forestry
		Arts& Culture
		Flood Protection Works

		Information Kiosks
		Solar Energy
		Survey
		Others (See Name of Scheme)

अनुलग्नक – घ

LIST OF EXECUTING AGENCY

Sl. No.	Executing Agency
1	E.E. Building
2	E.E. Irrigation
3	E.E. Minor Irrigation
4	E.E. Road Construction Department
5	E.E. Rural Engineering Organisation
6	Individual Beneficiery
7	Local Bodies
8	Mothers Committee
9	Nagar Parisad
10	Others
11	Panchayat Samiti
12	School Management Committee
13	Zila Parisad

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक: रा0स0वि0यो03-19/04-2036 /यो0वि0, पटना, दिनांक 30 जून, 2006

प्रेषक,

एन0 एस0 माधवन,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय: राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत योजनाओं के प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति हेतु शक्तियों का प्रत्यायोजन ।

प्रसंग: वित्त विभाग का संकल्प संख्या 3828 वि0(2) दिनांक 12.06.06

महाशय,

राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत चयनित योजनाओं की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति हेतु शक्तियों के प्रत्यायोजन के संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक 1662 दिनांक 25.04.1997 के प्रावधान लागू है । प्राय: यह देखा गया है कि राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत चयनित योजनाओं की संख्या अधिक है तथा इन योजनाओं पर वर्त्तमान प्रत्यायोजित शक्ति के अंतर्गत प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने में प्रक्रियात्मक विलम्ब के कारण समय लग जाता है जिससे जिला स्तर पर योजनाओं का ससमय कार्यान्वयन एवं सम्पादन प्रभावित होता है ।

इस प्रक्रियात्मक विलम्ब को कम करने के लिए यह आवश्यक है कि प्रमंडलीय आयुक्त/अधीक्षण अभियंता एवं जिला पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता के स्तर पर प्रशासनिक एवं तकनीकी शक्तियों के प्रत्यायोजन में वृद्धि की जाय ।

तद्नुसार राज्य सरकार के द्वारा उपर्युक्त योजनाओं के लिए निम्नवत् प्रशासनिक एवं तकनीकी शक्तियों का प्रत्यायोजन किया गया है:-

प्रमंडलीय आयुक्त	प्रशासनिक स्वीकृति	50 लाख से 10 करोड़ रु0 तक
जिला पदाधिकारी	प्रशासनिक स्वीकृति	50 लाख रुपया तक
अधीक्षण अभियंता	तकनीकी स्वीकृति	50 लाख से 10 करोड़ रु0 तक
कार्यपालक अभियंता	तकनीकी स्वीकृति	50 लाख रुपया तक

इस संदर्भ में वित्त विभाग, बिहार, पटना का संकल्प संख्या 3828 वि0(2) दिनांक 12.06.2006 की छाया प्रति पत्र के साथ संलग्न है ।

उपर्युक्त के आलोक में प्रत्यायोजित शक्तियों का उपयोग करते हुए

योजनाओं के स्वीकृति एवं कार्यान्वयन की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाय ।

अनुलग्नक: यथोक्त ।

विश्वासभाजन

(एन0 एस0 माधवन)
आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक: रा0स0वि0यो03-19/04- 2036 /यो0वि0, पटना, दिनांक 30 जून, 2006

प्रतिलिपि: वित्त आयुक्त, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक: रा0स0वि0यो03-19/04-2036 /यो0वि0, पटना, दिनांक 30 जून, 2006

प्रतिलिपि: सभी जिला योजना पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

आयुक्त एवं सचिव ।

बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग
संकल्प

राज्य योजना मद के योजनाओं का सूत्रण एवं अनुमोदन राज्य स्तर पर विभिन्न विभागों के द्वारा किया जाता है । अनेक विभाग के द्वारा अपने योजनाओं/कार्यक्रमों के सूत्रण एवं अनुमोदन के कार्य को विकेन्द्रीकृत भी किया गया है । समय के परिर्वतन और आर्थिक विकास की अवधारणा में वदलाव आने के कारण वर्तमान में योजनाओं के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन की भूमिका अत्यंन्त महत्वपूर्ण हो जाती है ताकि सीमित संसाधनों का अधिकतम लाभ गुणवता सहित जन सामान्य को प्राप्त हो । इसी पृष्ठ भूमि में अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कार्यो में प्रमंडलीय आयुक्तों की सक्रियता बढ़ाने के लिए एक नियोजित अनुश्रवण व्यवस्था अनिवार्य हो गया है।

प्रमंडलीय आयुक्तों से राज्य सरकार की अपेक्षा है कि वे अपने प्रमंडलाधीन जिलों के अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं की गहन समीक्षा, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन करेगें । अनुश्रवण से संबंधित आँकड़े/सूचनाएँ इंटरनेट पर उपलब्ध रहेंगी ताकि जन सामान्य को योजनाओं के प्रगति की जानकारी सहजता से प्राप्त हो सके ।

2. इस क्रम में राज्य सरकार के द्वारा गहन विचारोपरान्त योजना एवं विकास विभाग के अंतर्गत अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कार्यो हेतु प्रमंडलीय आयुक्तों को क्षेत्रीय प्रसार पदाधिकारी धोषित किया गया है ।

3. योजनाओं के अनुश्रवण/सूचनाऐं इन्टरनेट पर उपलब्ध कराना संबंधित प्रमंडलीय आयुक्तों का उत्तरदायित्व होगा ।

4. क्षेत्रीय प्रसार पदाधिकारी के रुप में प्रमंडलीय आयुक्तों को अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कार्यो में सहयोग हेतु योजना एवं विकास विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्रवाई की गयी है:-

(क) सभी प्रमंडलीय आयुक्तों को योजना एवं विकास विभाग के द्वारा कम्प्यूटर उपलब्ध कराया जा रहा है । इस क्रम में वर्ष 2005-06 में योजना विभाग के द्वारा पटना, गया एवं तिरहुत प्रमंडलों को कम्प्यूटरों की आपूर्ति की गयी है ।

(ख) प्रमंडलीय मुख्यालय में पदस्थापित जिला योजना पदाधिकारी कार्यान्वित योजनाओं की मौलिक/प्राथमिक सूचनाएँ/आँकड़े संकलित कर संबंधित प्रमंडलीय आयुक्तों को उपलब्ध करायेंगे ।

(ग) प्रमंडलीय आयुक्तों को उनके प्रमंडल में पदस्थापित उप निदेशक, साख्यिकी आँकड़ों के संकलन में सहयोग प्रदान करेंगे । वर्ष 2005-06 में सभी प्रमंडलीय सांख्यिकी एवं जिला सांख्यिकी कार्यालयों को इन्टरनेट संयुक्त करने की परियोजना स्वीकृत की गयी है इस

प्रकार सभी प्रमंडलीय आयुक्तों को वृहत् क्षेत्र नेटवर्किंग (WAN) सुविधा भी उपलब्ध रहेगी ।

(घ) अनुश्रवण एवं मूल्यांकन के अन्तर्गत राज्य योजना के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रम/योजना सम्मिलित रहेंगे ।

(एन0 एस0 माधवन)
आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक: रा0स0वि0यो03-16/06-2021 /यो0वि0, दिनांक 28 जून, 2006
प्रतिलिपि: सभी आयुक्त एवं सचिव/सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/सभी जिला योजना पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक: रा0स0वि0यो03-16/06-2021 /यो0वि0, दिनांक 28 जून, 2006
प्रतिलिपि: निदेशक सांख्यिकी एवं मूल्यांकन, बिहार/उप निदेशक(सांख्यिकी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक: रा0स0वि0यो0-3-16/20062021 /यो0वि0 पटना/ दिनांक 28 जून, 2006
प्रतिलिपि: अधीक्षक, राजकीय प्रेस, गुलजारवाग को गजट में प्रकाशनार्थ प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि इसकी 50 प्रतियॉ विभाग को भी उपलब्ध करयी जाय ।

आयुक्त एवं सचिव ।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

संकल्प

पटना

दिनांक 17.05.2005

संकल्प संख्या रा0स0जि0यो0 19/2004/ राष्ट्रीय सम विकास योजना के अंतर्गत आठ उग्रवाद प्रभावित जिला तथा तेरह जिला के विकास की गति को तीव्र करने के उद्देश्य से प्रथम चरण के तहत 157.50 करोड. रुपया 21 जिलों को आवंटित किया गया है । इस राशि से योजना आयोग, भारत सरकार के प्राधिकृत समिति के द्वारा अनुमोदित योजनाओं का कार्यान्वयन होना है ।

राष्ट्रीय सम विकास योजना कार्यक्रम के तहत निर्माण प्रकृति के परियोजनाओं के कार्यान्वयन की प्रक्रिया निर्धारित नहीं थी । अत: समीक्षोपरांत राज्य सरकार के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय सम विकास योजना के अंतर्गत कार्यान्वित निर्माण प्रकृति के योजनाओं को लोक निर्माण संहिता (पी0डब्ल्यू0डी0 कोड के प्रावधानों के अनुरुप निविदा के माध्यम से कराया जायेगा, ताकि योजना कार्य की गुणवत्ता बरकरार रहे एवं इसमें सम्पूर्ण पारदर्शिता परिलक्षित हो । समिति भी परिस्थिति में सरकारी कर्मचारियों को इस कार्यक्रम के तहत विभागीय अभिकर्त्ता नियुक्त किया जाना निषिद्ध है ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(अशोक कुमार सिन्हा)
सरकार के उप सचिव ।

ज्ञापांक: 981 दिनांक 17.05.2005

प्रतिलिपि: संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित जिला योजना पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के उप सचिव ।

ज्ञापांक: 981 दिनांक 17.05.2005

प्रतिलिपि: सभी संबंधित विभागों के आयुक्त एवं सचिव/सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के उप सचिव ।

बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

संख्या- रा0स0वि0यो0 3-19/2004-673 /यो0वि0, पटना, दिनांक 31 मार्च, 2005

प्रेषक,

विजय कुमार वर्मा,
सरकार के सचिव ।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
पटना ।

विषय : बजट शीर्ष 2053-जिला प्रशासन-राज्य योजना-800-अन्य व्यय-0104-राष्ट्रीय सम विकास योजना (पिछड़ा जिला के लिए पहल) विपत्र कोड- पी0 2053008000104 के अर्न्तगत राष्ट्रीय सम विकास योजनान्तर्गत पिछड़े जिलों एवं उग्रवाद प्रभावित जिलों के लिए जिला योजना के कार्यान्वयन हेतु 94500. 00 लाख (नौ सौ पैतालीस करोड़ रू0) मात्र की स्वीकृति एवं वर्ष 2004-05 में 12000.00 लाख (एक सौ बीस करोड़)रू0 मात्र की स्वीकृति ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राष्ट्रीय सम विकास योजना अन्तर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल के तहत आठ उग्रवाद प्रभावित जिलों तथा 13 पिछड़े जिलों के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने, जिलों के असंतुलित विकास तथा विकास की गति को तीव्र करने के उद्येश्य से निम्न कृषि उत्पादकता, वेरोजगारी की समस्या तथा भौतिक एवं सामाजिक संरचना के अंतरालों को पाटने हेतु जिला योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु 94500.00 लाख (नौ सौ पैतालीस करोड़ रूपये) मात्र की स्वीकृति दसवीं पंचवर्षीय योजना काल तक के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अनुलग्नक-1 के अनुसार दी गयी है। वर्ष 2004-05 में उपलब्ध येाजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अनुरूप 12000.00 लाख (एक सौ बीस करोड़ रूपये) मात्र विमुक्ति की स्वीकृति अनुलग्नक-2 के अनुसार प्रदान की जाती है। शेष राशि की विमुक्ति वर्ष 2005-06 एवं वर्ष 2006-07 में भारत सरकार से विमुक्त राशि उपलब्ध योजना उद्व्यय एवं बजट के अनुरूप सभी संबंधित जिलों को विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। योजना एवं विकास विभाग प्रत्येक वर्ष राशि की निकासी हेतु आवंटन आदेश निर्गत करेगा ।

2- इस योजना का कार्यान्वयन जिला पदाधिकारी के प्रत्यक्ष नियंत्रण में कराया जायगा । इसका लेखा जोखा एवं अनुश्रवण जिला योजना कार्यालय द्वारा किया जायगा । सभी परियोजनाओं का कार्यान्वयन स्वीकृत जिला योजना के अनुरूप सभी लाइन विभागों द्वारा किया जायगा ।

3- राज्य सरकार का निर्णय है कि योजना आयोग के प्रधिकृत समिति से जिला योजनाओं की स्वीकृति के उपरान्त मंत्रीपरिषद की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी ।

4- सभी जिला पदाधिकारी राष्ट्रीय सम विकास योजना के मार्गदर्शन एवं योजना आयोग के प्राधिकृत समिति के कार्यवाही के आलोक में ही येाजनाओं का कार्यान्वयन सुनिशिचित करेंगे ।

5- योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति एवं तकनीकी स्वीकृति ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्गत मार्गदर्शन पत्रांक 1662 दिनांक 25-2-1997 के अनुसार दिया जायगा। इसकी सक्षमता के उपर की योजनाओं की स्वीकृति जिला पदाधिकारी संबंधित विभागों के माध्यम से सरकार से प्राप्त करेगें ।

6- इस येाजना हेतु वर्ष 2004-05 में 12000.00 लाख (एक सौ बीस करोड़ रूपये) मात्र का बजट उपबंध है, जो बजट शीर्ष 2053-जिला प्रशासन-राज्य योजना-800-अन्य व्यय-0104-राष्ट्रीय सम विकास येाजना (पिछड़ा जिला के लिए पहल) विपत्र कोड- पी. -2053008000104 के अन्तर्गत विकलनीय होगा ।

7- इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी होंगे । वे आवंटन के आलोक में एक मुश्त में राशि का आहरण कर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में अलग खाता खोलकर रखेंगे ।

8- उपर्युक्त राशि की स्वीकृति के प्रस्ताव पर योजना प्राधिकृत समिति एवं महामहिम राज्यपाल की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/-
(विजय कुमार वर्मा)
सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक--रा0स0वि0यो03-19/2004-673 /यो0वि0, पटना, दिनांक 31 मार्च, 2005

प्रतिलिपि -महालेखाकार, लेखा एवं अंकेक्षण, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-
सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक-रा0स0वि0यो03-19/2004-673 /यो0वि0, पटना, दिनांक 31 मार्च, 2005

प्रतिलिपि- संबंधित जिला पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-
सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक--रा0स0वि0यो03-19/2004-673 /यो0वि0, पटना, दिनांक 31 मार्च, 2005

प्रतिलिपि- संबंधित जिला येाजना पदाधिकारी/वित्त विभाग, बिहार, पटना/संबंधित जिला कोषागार पदाधिकारी/लेखा एवं बजट शाखा, योजना एवं विकास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के सचिव ।

अनुलग्न–2

राष्ट्रीय सम विकास योजना अन्तर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल अन्तर्गत वर्ष 2004–05 में स्वीकृत राशि की जिलावार विवरणी

(रूपया लाख में)

क्रमांक	**जिला का नाम**	**दसवीं पंचवर्षीय योजना काल के लिए स्वीकृत राशि**
1	गया	750.00
2	जहानाबाद	750.00
3	औरंगाबाद	750.00
4	नवादा	750.00
5	पटना	750.00
6	नालन्दा	750.00
7	भोजपुर	750.00
8	रोहतास	750.00
9	कैमूर	750.00
10	मुजफ्फरपुर	750.00
11	शिवहर	750.00
12	दरभंगा	750.00
13	मधुबनी	750.00
14	समस्तीपुर	750.00
15	पूर्णिया	750.00
16	कटिहार	750.00
	कुल योग	**12000.00**

(एक सौ बीस करोड़ रूपये मात्र)

(विजय कुमार वर्मा)
सरकार के सचिव ।

अनुलग्नक–1

राष्ट्रीय सम विकास योजना अन्तर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल अन्तर्गत दसवीं पंचवर्षीय योजना काल के लिए स्वीकृत राशि की जिलावार विवरणी

(रूपया लाख में)

क्रमांक	**जिला का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	गया	4500.00
2	जहानाबाद	4500.00
3	औरंगाबाद	4500.00
4	नवादा	4500.00
5	पटना	4500.00
6	नालन्दा	4500.00
7	भोजपुर	4500.00
8	रोहतास	4500.00
9	कैमूर	4500.00
10	मुजफ्फरपुर	4500.00
11	वैशाली	4500.00
12	शिवहर	4500.00
13	दरभंगा	4500.00
14	मधुबनी	4500.00
15	समस्तीपुर	4500.00
16	सुपौल	4500.00
17	पूर्णिया	4500.00
18	कटिहार	4500.00
19	अररिया	4500.00
20	जमुई	4500.00
21	लखीसराय	4500.00
	कुल योग	**94500.00**

(नौ सौ पैतालीस करोड़ रूपये मात्र)

(विजय कुमार वर्मा)
सरकार के सचिव ।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक: रा0स0वि0यो03-7/2005-1883/यो0वि0,पटना दिनांक 13.08.2005

प्रेषक,

विजय कुमार वर्मा,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,

गया/जहानाबाद/औरंगाबाद/नवादा/पटना/नालन्दा/भोजपुर/रोहतास/कैमूर/ मुजफ्फरपुर/सुपौल/पूर्णियाँ/कटिहार/अररिया/जमुई/लक्खीसराय/वैशाली/ शिवहर/दरभंगा/मधुबनी/समस्तीपुर ।

विषय: **राष्ट्रीय सम विकास योजना अंतर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल योजना के अधीन स्टेशनरी, वाहन हेतु पेट्रोल तथा परियोजनाओं के डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु राशि के वहन के संबंध में** ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राष्ट्रीय सम विकास योजना अंतर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल के अधीन कार्यान्वित की जानेवाली योजना के कार्यान्वयन में स्टेशनरी, वाहन हेतु पेट्रोल एवं डी0पी0आर0 तैयार करने में व्यय की राशि के वहन के संबंध में जिला पदाधिकारियों द्वारा बार-बार अनुरोध किया जाता रहा है । राज्य सरकार ने विचारोपरान्त निर्णय लिया है कि राष्ट्रीय सम विकास योजना अंतर्गत पिछड़े जिलों के लिए पहल अंतर्गत जिले को उपलब्ध करायी गयी राशि का 0.5 प्रतिशत राशि स्टेशनरी, एक वाहन के लिए प्रतिमाह 110 लिटर पेट्रोल, डीजल तथा परियोजनाओं के डी0पी0आर0 के तैयारी पर व्यय किया जाय । योजनाओं के डी0पी0आर0 तैयार करने में उपर्युक्त से अधित व्यय होने की स्थिति में अतिरिक्त राशि योजना/परियोजना की लागत मूल्य में जोड़ दिया जाय । किसी भी परिस्थिति में इस राशि से वाहन/क्रय नहीं किया जायेगा ।

अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्णय के आलोक में योजनाओं का कार्यान्वयन द्रुत गति से कराने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन

ह0/-

(विजय कुमार वर्मा)

आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक: रा0स0वि0यो03-7/05-1883/यो0वि0,पटना, दिनांक 13 अगस्त, 2005

प्रतिलिपि: सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/योजना से संबंधित सभी आयुक्त एवं सचिव/ सचिव/ सभी संबंधित जिला योजना पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-

आयुक्त एवं सचिव ।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक: यो04/1-18/06- /यो0वि0,पटना दिनांक सितम्बर,2006

प्रेषक,

एन0 एस0 माधवन,

आयुक्त एवं सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय: **राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना अंतर्गत आकस्मिकता मद से कंसलटेन्ट की नियुक्ति हेतु कैपेसिटी विल्डींग (Capacity Building) नामक योजना के सूत्रण के संबंध में ।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि जिलों में विभिन्न प्रक्षेत्रों की योजनाएँ चयनित की जा रही है । इन योजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन(डी0पी0आर0) की आवश्यकता होती है । प्रोजेक्ट रिपोर्ट के ससमय तथा ठीक ढ़ंग से तैयार करने हेतु प्रमंडलीय स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जिले में चल रहे योजना एवं गैर योजना के विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षात्मक बैठक में कैपेसिटी विल्डींग (Capacity Building) नाम की योजना के सूत्रण करने हेतु निर्णय लिया गया है । इस योजना पर प्रत्येक जिला को 5.00 लाख रुपये उपलब्ध कराने का निर्णय भी लिया गया । इस योजना पर होने वाले व्यय का वहन राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के प्राप्त होनेवाली राशि में 0.5 प्रतिशत राशि जो स्टेशनरी, वाहन हेतु पेट्रोल/डीजल एवं परियोजना के साथ डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु प्रावधानित है ।

अत: परियोजना के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन(डी0पी0आर0) तैयार करने हेतु प्रत्येक जिले का 5.00 लाख(पाँच लाख रुपये) की राशि राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना अंतर्गत प्राप्त राशि के 0.5 प्रतिशत से Consultant की नियुक्ति हेतु Capacity Building नामक योजना के सूत्रण पर व्यय की अनुमति दी जाती है । योजना एवं विकास विभाग को विभिन्न जिलों से प्राप्त अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार इस प्रक्षेत्र/मद में व्यय नगण्य है, अतएव इस प्रकार इस योजना के लिए कर्णांकित की जा रही राशि आपके जिला में व्यय हेतु उपलब्ध है । Consultant के चयन में बिहार वित्त

(संशोधन) नियमावली, 2005 के Procurement of Services का पालन निश्चित रुप से किया जाय।

विश्वासभाजन

(एन0 एस0 माधवन)
आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांक: यो04/1-18/06- /यो0वि0,पटना दिनांक सितम्बर,2006

प्रतिलिपि: मुख्य सचिव/विकास आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

आयुक्त एवं सचिव।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

पत्रांकः रा0स0वि0यो03–19 / 04– / यो0वि0,पटना,दिनांक अप्रैल, 2007

प्रेषक,

रामेश्वर सिंह,
सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी

विषयः **राष्ट्रीय सम विकास योजना के पिछड़ा जिला पहल एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के तहत जिला योजना के कार्यान्वयन अन्य कार्यकारी एजेन्सियों के साथ ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के माध्यम से कराये जाने के संबंध में ।**

प्रसंगः योजना एवं विकास विभाग का पत्रांक **2109** दिनांक **07.07.2006** एवं पत्रांक **2666** दिनांक **23.08.2006**.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में कहना है कि राज्य स्तरीय बैठकों में समीक्षा के क्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु कार्यकारी एजेन्सियों के अभाव का उल्लेख किया गया है तथा अन्य कार्यकारी एजेन्सियों के साथ ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल को भी कार्यकारी एजेन्सी के रुप में चयनित करने हेतु अनुरोध किया गया है ।

इस विषय पर योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति के समीक्षोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल को निर्माण प्रकृति की योजनाओं के कार्यान्वयन का दायित्व निम्नलिखित शर्त्तों के साथ सौंपा जा सकता हैः–

(क) योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक **981** दिनांक **17.05.2005** एवं आदेश संख्या **1846** दिनांक **11.08.2005** में निहित निदेशों के आलोक में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल भी योजनाओं का कार्यान्वयन लोक निर्माण संहिता के प्रावधानों के आलोक में निविदा के माध्यम से करावेंगे ;

(ख) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल को निर्माण प्रकृति की ऐसे अवशेष कार्यों का ही दायित्व सौंपा जाय जो स्वीकृति हेतु अभी भी लंबित है ;

(ग) योजना एवं विकास विभाग के निदेश के आलोक में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के द्वारा भी कार्यान्वित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु आमंत्रित किये जाने वाले निविदा में सभी कार्य प्रमंडलों में निबंधित संवेदक भाग लेंगे ।

विश्वासभाजन

(**रामेश्वर सिंह**)
सचिव ।

ज्ञापांकः रा0स0वि0यो03–19/04– /यो0वि0,पटना,दिनांक अप्रैल, 2007

प्रतिलिपिः विकास आयुक्त, बिहार/आयुक्त एवं सचिव, ग्रामीण विकास विभाग /सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला योजना पदाधिकारियों को सूचनार्थ प्रेषित ।

सचिव ।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

पत्रांकः रा0स0वि0यो03–19/04– /यो0वि0,पटना,दिनांक जून, 2007

प्रेषक,

रामेश्वर सिंह,
सचिव ।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी ।

विषयः **राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत योजनाओं के प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति हेतु प्रत्यायोजित शक्तियों के अनुरूप निविदा निष्पादित करने की शक्ति प्रत्यायोजित करने के संबंध मे ।**

प्रसंगः वित्त विभाग का संकल्प संख्या **3415** दिनांक **22.05.2007**

महाशय,

राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत योजनाओं की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति की शक्तियॉ वित्त विभाग के संकल्प संख्या **3828** दिनांक **12.06.2006** के द्वारा प्रत्यायोजित की गई थी । उक्त प्रत्यायोजन के बावजूद योजनाओं के कार्यान्वयन में विलम्ब हो रहा था । विलम्ब के कारणों की समीक्षा के क्रम में यह बात सामने आयी कि लोक निर्माण संहिता में योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति की शक्तियों के अतिरिक्त निविदा निस्तार की शक्तियॉ भी विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों के लिए निर्धारित है । वित्त विभाग के उपर्युक्त पत्र के द्वारा तकनीकी शक्तियों का प्रत्यायोजन तो किया गया था परन्तु निविदा निस्तार की शक्ति यथावत थी, जिसके कारण जिस उद्देश्य से तकनीकी पदाधिकारियों की तकनीकी स्वीकृति की शक्तियों में वृद्धि की गयी थी वह उद्देश्य पूरा नही हो पा रहा था ।

2. इस विषय पर सरकार के द्वारा सम्यक विचारोपरांत वित्त विभाग के संकल्प संख्या **3828** दिनांक **12.06.2006** के द्वारा प्रत्यायोजित तकनीकी स्वीकृति की शक्तियों के अनुरूप निविदा निस्तार की शक्तियॉ प्रत्यायोजित की गई है । तत्संबंधी वित्त विभाग के संकल्प संख्या **3415** दिनांक **22.05.2007** की छायाप्रति संलग्न है ।

3. ऐसी अनौपचारिक सूचना मिल रही है कि उपर्युक्त योजनाओं के कार्यपालक अभियंताओं द्वारा अपने नियंत्री पदाधिकारियों को योजनाओं की स्वीकृति एवं प्रगति के संबंध में पूर्ण सूचना नहीं दी जाती; दूसरी ओर नियंत्री पदाधिकारियों यथा मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता द्वारा इन योजनाओं का सम्यक निरीक्षण नहीं किया जाता । विभिन्न जिलों/प्रमंडलों में अलग–अलग ढंग से प्राक्कलन बनाने की भी अनौपचारिक सूचना मिली है । तकनीकी और प्रशासनिक शक्तियों के विकेन्द्रीकरण का

एक मात्र उद्देश्य योजनाओं की स्वीकृति एवं कार्यान्वयन में तीव्रता लाना है; योजनाओं के कार्यान्वयन में अनुसूचित दरों के लागू होने और वरीय तकनीकी पदाधिकारियों द्वारा उनके निरीक्षण/समीक्षा संबंधी मार्गदर्शन को शिथिल नहीं किया गया है ।

4. उपर्युक्त के आलोक में एतद् द्वारा स्पष्ट किया जाता है किः–

(i) हर स्तर पर सक्षम विभाग द्वारा संगत क्षेत्र के लिए लागू और स्वीकृत अनुसूचित दरों का पूर्ण पालन किया जाए; निर्माण के वैसे कार्य, जिनकी दरें अनुसूचित दरों में शामिल न हों, उन पर सक्षम तकनीकी प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त किया जाए ।

(ii) सभी कार्यपालक अभियंता सभी स्वीकृत प्राक्कलनों, निविदा निस्तार संबंधी निर्णयों की पूर्ण सूचना एवं पाक्षिक/मासिक प्रतिवेदनों की प्रति नियंत्री अधीक्षण अभियंता को अवश्य उपलब्ध करावेंगे। उसी प्रकार अधीक्षण अभियंता भी मुख्य अभियंता एवं राज्य मुख्यालय को सभी संगत कागजातों की प्रति देगें।

(iii) वरीय पदाधिकारी का योजनाओं के निरीक्षण/पर्यवेक्षण आदि के संबंध में जो दायित्व विभागों मे पूर्व निर्धारित है वे इन सभी योजनाओं पर भी लागू रहेंगे ।

इस परिपत्र की प्रति सभी स्थानीय अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंताओं को अपने स्तर से अनुपालन हेतु दी जाए ।

अनुलग्नकः **यथोक्त** ।

विश्वासभाजन,

(**रामेश्वर सिंह**)
सचिव ।

ज्ञापांकः रा0स0वि0यो03–19/04– /यो0वि0,पटना,दिनांक जून,2007

प्रतिलिपिः आयुक्त एवं सचिव/सचिव/मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सचिव ।

ज्ञापांकः रा0स0वि0यो03–19/04– /यो0वि0,पटना,दिनांक जून,2007

प्रतिलिपिः सभी जिला योजना पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सचिव ।

ज्ञापांकः रा0स0वि0यो03–19/04– /यो0वि0,पटना,दिनांक जून,2007

प्रतिलिपिः मुख्य सचिव, बिहार/विकास आयुक्त, बिहार/वित्त आयुक्त, बिहार/मुख्यमंत्री के सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

सचिव ।

पत्र सं0–एम–4–35/2007 वि0(2)

बिहार सरकार

वित्त विभाग

संकल्प

दिनांक–

वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3828 दिनांक 12.06.06 द्वारा राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के अंतर्गत योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति हेतु अधीक्षण अभियन्ता एवं कार्यपालक अभियंन्ता को जो शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है उन शक्तियों के अनुरुप उन्हें निविदा निस्तार की शक्तियॉ भी प्रदत्त की जाती है ।

उपर्युक्त शक्तियॉ मात्र राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री जिला विकास योजना के संबंध में ही लागू होगी । अन्य मामलों में लोक निर्माण संहिता के प्रावधान यथावत लागू रहेंगे ।

ह0/–

(आलोक वर्द्धन चतुर्वेदी)

अपर वित्त आयुक्त (व्यय)

ज्ञाप संख्या– एम–4–35/2007 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि – महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/–

(आलोक वर्द्धन चतुर्वेदी)

अपर वित्त आयुक्त (व्यय)

ज्ञाप संख्या– एम–4–35/2007 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि – सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/–

(आलोक वर्द्धन चतुर्वेदी)

अपर वित्त आयुक्त (व्यय)

अध्याय-6

ऐसे दस्तावेजो के, जो उसके द्वारा धारित या उसके नियंत्रणाधीन प्रवर्गो का विवरण ।

अनुलग्नक-1

Department/Sectorwise Annual Plan Outlay & Expenditure 2005-06

अनुलग्नक-1

बिहार योजना एवं विकास सेवा नियमावली 2005

अनुलग्नक-1

बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

अधिसूचना

संख्या-यो./स्था.1/6-46/96-1403 /यो.वि. तिथि 02.07.05 भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के राज्यपाल, एतद् द्वारा योजना एवं विकास विभाग में भर्ती की पद्धति एवं सेवा शर्त्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते है :-

बिहार योजना एवं विकास सेवा नियमावली 2005

अध्याय -1

प्रारम्भिक

1: **संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारम्भ :-** (i) यह नियमावली बिहार योजना एवं विकास सेवा नियमावली, 2005 कही जा सकेगी ।

(ii) इसका विस्तार सम्पूर्ण बिहार राज्य में होगा ।

(iii) यह राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत होगी।

2: **परिभाषा :-** इस नियमावली में जबतक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो -

(i) ''राज्यपाल'' से अभिप्रेत है बिहार के राज्यपाल ।
(ii) ''राज्य सरकार'' से अभिप्रेत है बिहार राज्य सरकार ।
(iii) ''विभाग'' से अभिप्रेत है योजना एवं विकास विभाग

(iv) ''आयोग'' से अभिप्रेत है बिहार लोक सेवा आयोग ।
(v) ''सेवा'' से अभिप्रेत है बिहार योजना एवं विकास सेवा ।
(vi) ''सदस्य'' या ''सेवा के सदस्य'' से अभिप्रेत है, बिहार योजना एवं विकास सेवा में नियुक्त व्यक्ति ।
(vii) ''सीमित प्रतियोगिता परीक्षा'' से अभिप्रेत है बिहार योजना एवं विकास सेवा सीमित प्रतियोगिता परीक्षा ।
(viii) ''अनुसूची'' से अभिप्रेत है इस नियमावली से संलग्न अनुसूची ।

3: **सेवा की संरचना :-** यह सेवा योजना एवं विकास विभाग के प्रशासी नियंत्रण में होगा । इस सेवा के विभिन्न कोटि के पदों का विवरण अनुसूची- I में दिया गया है। राज्य सरकार समय-समय पर इस सेवा की विभिन्न कोटियों के बल का निर्धारण राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित करके कर सकेगी और स्वीकृत पदों के अतिरिक्त इस सेवा में स्थायी/अस्थायी पदों के सृजन/विलोपन की स्वीकृति दे सकेगी ।

अध्याय 2

भर्ती

4: **भर्त्ती का स्रोत :-** (i) इस सेवा की मूल कोटि के पदों की पचहत्तर प्रतिशत रिक्तियां सीधी भर्त्ती से भरी जायेगी । ऐसी भर्त्ती आयोग द्वारा लिखित एवं मौखिक परीक्षा के आधार पर की गयी अनुशंसाओं के आधार पर की जायेगी ।

(Ii) शेष पच्चीस प्रतिशत रिक्तियाँ विभाग के नियंत्रणाधीन कार्यरत समूह 'ग' के कर्मचारियों से आयोग द्वारा आयोजित सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर आयोग की अनुशंसा पर भरी जायेगी ।

5: **सीधी भर्त्ती हेतु अर्हता :-** (i) उम्मीदवार [illegible] उतनी होगी जो राज्य सरकार (कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग) द्वारा समय समय पर निर्धारित किया जाय ।

(ii) उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र या गणित या सांख्यिकी या वाणिज्य या ग्रामीण अर्थशास्त्र या भौतिकी या बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक डिग्री होना अनिवार्य होगा ।

6: **चयन का आधार :-** (i) आयोग सीधी भर्त्ती हेतु रिक्तियों की अधियाचना प्राप्ति के आधार पर विज्ञापनोपरान्त प्रारंभिक लिखित परीक्षा, मुख्य लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार द्वारा मौखिक परीक्षा का आयोजन करेगा। ऐसी परीक्षाएँ संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षाओं से भिन्न होगी ।

(ii) परीक्षा के विषय एवं पाठ्यक्रम- परीक्षाओं के लिए विषय, पाठ्यक्रम तथा न्यूनतम अर्हतांक का निर्धारण अनुसूची-II में यथाविनिर्दिष्ट के अनुसार होगा।

7: **रिक्तियों का निर्धारण :-** (1) राज्य सरकार प्रत्येक वर्ष एकतीस मार्च तक सेवा में सीधी नियुक्ति एवं सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्तियों में से चयन द्वारा नियुक्ति हेतु रिक्तियों को अलग-अलग निर्धारित करेगी,

परन्तु यह कि किसी वर्ष में सीमित प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्ति से भरी जाने वाली रिक्तियाँ कुल रिक्तियों के पचीस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(2) उपधारा (1) के अधीन निर्धारित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्तियों के संबंध में सरकार की आरक्षण नीति प्रभावी होगी ।

(3) **सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के द्वारा नियुक्तियाँ :-** आयोग द्वारा संचालित सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर रिक्तियों को सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्तियों के सफल उम्मीदवारों द्वारा भरा जायेगा ।

(4) **उम्मीदवारों के लिए पात्रता :-** सेवा में सीमित प्रतियोगिता परीक्षा से नियोजन हेतु उम्मीदवार के लिए आवश्यक होगा कि वह

(क) (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का स्नातक हो ।

(ii) जिस बैच की परीक्षा है, उसके लिए निर्धारित मानक तिथि को समूह-ग की श्रेणी में कम-से-कम दस वर्षो से लगातार सरकारी सेवा में हो,

(iii) जिस बैच की परीक्षा है उसके लिए निर्धारित अर्हता की तिथि/मानक तिथि उस वर्ष की पहली अगस्त को पैंतालीस वर्ष से अधिक उम्र का नही हो ।

(ख) किन्तु वह इस सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में तीन से अधिक अवसरों में भाग नहीं ले सकेगा ।

(5) **सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम** – इस नियमावली से उपाबद्ध अनुसूची- III में निर्दिष्ट पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा होगी, किन्तु राज्य सरकार राजकीय गजट में अधिसूचना प्रकाशित कर अनुसूची में समय-समय पर आवश्यकतानुसार संशोधन कर सकेगी।

(6) **मौखिक परीक्षा** – सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में कोई मौखिक अन्तर्वीक्षा नहीं होगी।

(7) सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में न्यूनतम अर्हतांक – सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में उम्मीदवार को सफल होने के लिए लिखित परीक्षा के पूर्णांक का न्यूनतम चालीस प्रतिशत अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य है, जिसमें अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए पांच प्रतिशत तक की छूट दी जा सकेगी ;

परन्तु यह कि न्यूनतम अर्हतांक प्राप्त करने वाले सफल उम्मीदवारों से उस वर्ष की सम्पूर्ण रिक्तियों को नही भरे जा सकने की स्थिति में शेष रिक्तियों को अगले वर्ष की रिक्तियों में जोड़ दिया जायगा ।

(8) **आयोग को रिक्तियों का संसूचन** – सरकार सीमित प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्ति हेतु रिक्तियों के निर्धारण के पश्चात प्रत्येक वर्ष तीस जून तक आयोग को निर्धारित संख्या की सूचना देगी ।

(i) आवेदक अपना आवेदन आयोग द्वारा निहित प्रपत्र में अपने कार्यालय प्रधान के माध्यम से आयोग के पास भेज देगा ।

(ii) आयोग परीक्षा हेतु अपेक्षित शुल्क ले सकेगा ।

(9) **आयोग द्वारा सरकार को अनुशंसा** -

(i) आयोग सफल उम्मीदवारों की सूची गुणागुण के कमानुसार रिक्तियों को भरने के लिए तैयार करेगा। जब दो या दो से अधिक उम्मीदवारों को समान अंक प्राप्त हो तो उनकी गुणागुण सूची उम्र के आधार पर निर्धारित किया जायगा । इस प्रकार तैयार की गई सूची विभाग को आयोग द्वारा उपलब्ध करा दी जायेगी ।

(ii) किसी खास वर्ष की सम्पूर्ण रिक्तयों को नही भरी जा सकने अथवा योगदान न करने से उपलब्ध रिक्तियाँ अगले वर्ष के लिए अग्रनीत कर दी जायेगी ।

8: **सीधी भर्त्ती हेतु आयोग द्वारा अभ्युर्थियों की अनुशंसा** :- आयोग मुख्य लिखित परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर एक मेधा सूची तैयार करेगा । ऐसी तैयार की गई सूची में से आयोग अभ्यर्थियों की उतनी संख्या में अनुशंसा राज्य सरकार को करेगा जितनी संख्या में रिक्तियाँ प्रतिवेदित की गयी है। किसी अभ्यर्थी के योगदान न करने या रिक्तियों के बढ़ने की स्थिति में एक वर्ष के अन्दर उसी मेधा सूची (पैनेल) में से अभ्यर्थियों की अनुशंसा की जा सकेगी । मेघा सूची की वैधता सूची प्राप्ति की तिथि के वित्तीय वर्ष तक ही रहेगी ।

9: **वरीयता :-** नियुक्त कर्मियों की आपसी वरीयता का निर्धारण आयोग द्वारा तैयार की गई क्रमानुसार मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा ।

10: **परीक्ष्यमान अवधि/विभागीय परीक्षा/सम्पुष्टि-** (i) नियुक्ति के बाद दो वर्षों की परीक्ष्यमान अवधि होगी । परीक्ष्यमान अवधि के सफलतापूर्वक पूरा करने पर तथा प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान से अपेक्षित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर और विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर सेवा में सम्पुष्टि हो सकेगी ।

(ii) प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रम प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान से परामर्श कर निर्धारित किया जा सकेगा ।

(iii) विभागीय परीक्षा गजेटेड ऑफीसर्स डिपार्टमेंटल एक्जामिनेशन रूल्स, 1961 के अनुसार केन्द्रीय परीक्षा समिति (राजस्व पर्षद) द्वारा ली जायेगी ।

अध्याय -3

प्रोन्नति

11: **प्रोन्नति :-** (i) मूल कोटि से उच्चतर कोटि/कोटियों में प्रोन्नति के लिए विचार क्षेत्र में आने के प्रयोजनार्थ कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा कालावधि निर्धारण के संबंध में निर्गत निदेशो के आलोक में कार्रवाई की जायेगी ।

(ii) विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा पर प्रोन्नति हेतु विचार किया जा सकेगा। विभागीय प्रोन्नति समिति का गठन अलग से कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत संकल्पों/अनुदेशों के आलोक में किया जा सकेगा ।

(iii) उच्चतर कोटि में जो कर्मी पूर्व से नियुक्त है वे इस नियमावली के प्रवृत्त होने की तिथि के प्रभाव से संबंधित कोटि में प्रोन्नत माने जायेंगे ।

अध्याय - 4

प्रकीर्ण

12: **आरक्षण** - मूल कोटि में भर्त्ती तथा उच्चतर कोटियों में प्रोन्नति में आरक्षण अधिनियम तथा उसके तहत निर्गत संकल्पों/अनुदेशों/रौस्टर का अनुपालन अनिवार्य होगा ।

13: **पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति** - इस सेवा के सदस्य को सरकार के किसी भी विभाग के अधीन बिहार राज्य के अन्दर या बाहर किसी भी स्थान पर पदस्थापित किया जा सकेगा।

14: **वेतन** - विभिन्न कोटियों के पदों का वेतनमान वही होगा जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाय ।

15: **प्रशिक्षण** - इस सेवा के सदस्यो को प्रशिक्षण के लिए राज्य में या राज्य के बाहर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के लिए भेजा जा सकेगा ।प्रशिक्षण की समाप्ति पर किए गए मूल्यांकन को विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा ध्यान में रखा जा सकेगा ।

16: इस सेवा के लिए अन्य सेवा शर्त्ते, यथा अनुशासनिक कार्रवाई, छुट्टी, वेतन, भत्ता, सेवान्त लाभ इत्यादि, जो इस नियमावली में उल्लिखित नहीं है, के संबंध में राज्य सरकार के सेवकों के प्रयोजनार्थ तत्समय लागू नियमावली/नियमावलियों के प्रावधानों से विनियमित होगी ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(विजय कुमार [illegible])

आयुक्त एवं सचिव

अनुसूची – I
(नियम-3 दृष्टव्य)

सेवा की विभिन्न कोटि के पदों का विवरण –

पद कोटि का स्तर	पदनाम	वर्तमान वेतनमान (रू0 में)	वर्तमान पद बल
मूल कोटि	साख आयोजक -सह - ग्रामीण विकास विशेषज्ञ	6500-10500	40
प्रोन्नति का प्रथम स्तर	जिला योजना पदाधिकारी	8000-13500	38
प्रोन्नति का द्वितीय स्तर	योजना पदाधिकारी -सह -उप निदेशक (अनुश्रवण)	10000-15200	02
प्रोन्नति का तृतीय स्तर	संयुक्त निदेशक (योजना)	12000-19500	01

नोट :- मूल कोटि में कनीय शोध पदाधिकारी के पद भी शामिल है तथा अपने वरीयता के साथ यह पद साख आयोजक-सह-ग्रामीण विकास विशेषज्ञ का अंग होगा।

अनुसूची – II

(नियम-6 दृष्टव्य)

: आयोग निम्नांकित विषयों की लिखित परीक्षा आयोजित करेगा –

(1) **प्रारम्भिक लिखित परीक्षा-**

विषय	पूर्णांक	समय
सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान	200	3 घंटे

(2) **मुख्य लिखित परीक्षा-**

(क) प्रारम्भिक परीक्षा के आधार पर, अधियाचित कुल रिक्तियों की संख्या से दस गुना **अधिक उम्मीदवारों को आयोग मुख्य लिखित परीक्षा के लिए बुलायेगा । इसके लिए** अनिवार्य विषय निम्नानुसार होंगे –

क्रमांक	**विषय**	**पूर्णांक**	**समय**
(i)	सामान्य हिन्दी	100	3 घंटे
(ii)	अर्थशास्त्र	200	3 घंटे
(iii)	सांख्यिकी/गणित	200	3 घंटे

(ख) सामान्य हिन्दी में अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा निर्धारित अर्हतांक प्राप्त करना आवश्यक होगा किन्तु मेधासूची निर्धारण हेतु इसमें प्राप्त अंक को जोड़ा नहीं जायगा ।

(ग) वैकल्पिक विषय –

क्रमांक	**विषय**	**पूर्णांक**	**समय**
(i)	वाणिज्य	200	3 घंटे
(ii)	भौतिकी	200	3 घंटे
(iii)	बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन	200	3 घंटे

नोट- किसी अभ्यर्थी को वैकल्पिक विषयों में से किसी एक को रखना होगा।

(3) मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर, संसूचित कुल रिक्तियों के तीन गुना अधिक संख्या में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जायगा। साक्षात्कार में मौखिक परीक्षा कुल 120 अंकों की होगी ।

(4) पाठ्यक्रम :- (i) प्रारंभिक लिखित परीक्षा के सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान के लिए पाठ्यक्रम वही होगा जो आयोग द्वारा संचालित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए होगा ।

(iii) 2 (क) 2 (ख) में उल्लिखित विषयों का पाठ्यक्रम स्नातक डिग्री के लिए पटना विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के समान होगा ।

अनुसूची - III
(नियम-7 दृष्टव्य)

इस सेवा में सीमित प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्ति के लिए परीक्षा का पाठ्यक्रम

परीक्षा में कुल दो पत्र होंगे जो प्रत्येक 100 अंकों का होगा। प्रत्येक पत्र के लिए परीक्षा तीन घंटे की अवधि की होगी ।

प्रथम पत्र

प्रथम पत्र में सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान तथा विकास संबंधी प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं वैकल्पिक प्रकृति का होगा ।

द्वितीय पत्र

द्वितीय पत्र में निम्नलिखित नियमावली, संहिता से प्रश्न पूछे जायेंगे। कोई भी पश्न अनिवार्य नही होगा :-

(1) बिहार सेवा संहिता
(2) बिहार पेंशन नियमावली (3) बिहार सामान्य भविष्य निधि नियमावली
(4) सचिवालय अनुदेश या बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली
(5) बिहार यात्राभत्ता नियमावली
(6) बिहार राज्य सरकारी सेवक आचार नियमावली
(7) बिहार कोषागार संहिता
(8) बिहार वित्तीय नियमावली
(9) अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित लागू नियमावली

ज्ञापांक-यो.स्था.1/6-46/96- 1403/ यो.वि., पटना, दिनांक 02 जुलाई,2005

प्रतिलिपि अधीक्षक, गॉवर्मेंट प्रेस, गुलजारबाग, पटना को इस नियमावली के हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रतियां राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित । कृपया इसकी 60-60 प्रतियाँ इस विभाग को उपलब्ध करवाने की कृपा की जाय ।

सरकार के उप सचिव,
योजना एवं विकास विभाग,
बिहार, पटना ।

ज्ञापांक-यो.स्था.1/6-46/96- 1403/ यो.वि., पटना, दिनांक 02 जुलाई,2005

प्रतिलिपि महालेखाकार, बिहार, पटना/आयुक्त एवं सचिव, वित्त विभाग, बिहार/ सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, बिहार, पटना/सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, विधि विभाग/ वैयक्तिक दाता कोषांग, वित्त विभाग को नियमावली की प्रति के साथ सूचनार्थ प्रेषित ।

सरकार के उप सचिव,
योजना एवं विकास विभाग,
बिहार, पटना ।

अध्याय –7

किसी व्यवस्था की विशिष्टियॉं, जो उनकी नीति की संरचना या उसके कार्यान्वयन के संबंध में जनता के सदस्यों से परामर्श के लिए या उनके द्वारा अभ्यावेदन के लिए विद्यमान है ।

योजना एवं विकास विभाग के द्वारा जिला स्तर पर जिला योजना के सूत्रण, स्वीकृति एवं अनुश्रवण हेतु विभागीय पत्रांक 682 दिनांक 15.03.1983 द्वारा एक जिला योजना एवं विकास परिषद् तथा उसकी कार्यकारिणी समिति गठित है जिससे संबंधित परिपत्र संलग्न है ।

बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग ।

संकल्प

पटना दिनांक –15 मार्च 1983 ई0

संख्या 682/यो0वि0, संकल्प संख्या 2634 दिनांक 28 सितम्बर, 1981 का अवक्रमण करते हुए राज्य सरकार के प्रत्येक जिला में जिला योजना एवं विकास परिषद् को पुनर्गठित करने का निश्चय किया है, जो इस प्रकार है :-

1.	मुख्यमंत्री द्वारा मनोनित राज्य सरकार का एक मंत्री	– अध्यक्ष ।
2.	प्रमंडलीय आयुक्त	– उपाध्यक्ष ।
3.	जिला परिषद् का अध्यक्ष	– सदस्य
4.	जिला का सभी सांसद/विधायक/पार्षद्	– सदस्य
5.	पंचायत समितियों के सभी प्रमुख	– सदस्य
6.	जिला परिषद् का उपाध्यक्ष	– सदस्य
7.	राज्य सरकार द्वारा मनोनित विश्वविद्यालय में सेवारत एवं अर्थशास्त्री	– सदस्य
8.	जिला सहकारी बैंक का अध्यक्ष	– सदस्य
9.	जिला दण्डाधिकारी	– सदस्य
10.	जिला लोड बैंक का एक प्रतिनिधि	– सदस्य
11.	उप विकास आयुक्त	– सदस्य सचिव

2. जिला योजना एवं विकास परिषद् के कर्त्तव्य और कार्य निम्न प्रकार होगे :-

1. स्थानीय क्षेत्रों की राष्ट्रीय और राजकीय लक्ष्यों एवं आवश्यकताओं, संभावित और स्थायी विधियों के साधनों का पूरा करने के लिये राज्य सरकार के योजना एवं सम्बद्ध विभागों द्वारा निर्गत संगत दिशा निर्देश के साथ जिला योजना तैयार करने के लिए जिला योजना और कार्यान्वियन समिति का मार्ग दर्शन करना :-

2. और सांस्थानिक एवं अन्य साधन श्रोतों से परिषद् द्वारा जूटाई गई, राज्य सरकार द्वारा जिले की आवंटित निधिका क्षेत्रवार अपर अंचलवार विवरण दिखाना,

3. जिला योजना ईकाई द्वारा बनाई गई जिला योजना को अनुमोदित करना तथा उसे अनुमोदित और राज्य योजना में शामील करने के लिए भेजना,

4. जिला योजना बनाने, साधन श्रोत जूटाने और इसे कार्यान्वित करने के लिए स्थानीय एवं स्वेच्छिक एजेन्सियां का सहयोग संघटित करना ।

5. जिले में कार्यान्वित की जा रही सभी विकास स्कीमों के आर्थिक और वस्तुगत प्रगति को, सामान्यत: दो महीने में एक बार समीक्षा करना ।

6. राज्य सरकार की निधि आवंटन संबंधी पद्धति के आधार पर आवश्यकतानुसार क्षेत्र के भीतर एक कार्यक्रम से दूसरे कार्यक्रम के लिए अथवा एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र के विभिन्न निधि के पुर्नविनियोग का प्रस्ताव उपस्थापित करना और ।

7. उस क्षेत्र के विकास संबंधी आवश्यकताओं और जिले में योजना और विकास कार्य के लगे कर्मचारियों के संबंध में राज्य सरकार को अनुशंसा करना ।

3. जिला योजना एवं विकास परिषद् की एक कार्यकारिणी समिति होगी जिसका गठन निम्नलिखित रूप में होगा:-

1. प्रमंडलीय आयुक्त	अध्यक्ष ।
2. जिला दंडाधिकारी	सह-अध्यक्ष ।
3. उप विकास आयुक्त	उपाध्यक्ष ।
4. शल्य चिकित्सक	सदस्य ।
5. कार्यपालक अभियंता/अभियंताओं भवन	सदस्य ।
6. कार्यपालक अभियंता/अभियंताओं पथ निर्माण	सदस्य ।
7. कार्यपालक अभियंता/अभियंताओं सिंचाई	सदस्य ।

8.	कार्यपालक अभियंता/अभियंताओं लघु सिंचाई	सदस्य ।
9.	कार्यपालक अभियंता/अभियंताओं बिहार राज्य विद्युत बोर्ड	सदस्य ।
10.	कार्यपालक अभियंता/अभियंताओं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग	सदस्य ।
11.	जिला कृषि पदाधिकारी	सदस्य ।
12.	जिला पशुपालन पदाधिकारी	सदस्य ।
13.	जिला सहकारिता पदाधिकारी	सदस्य ।
14.	जिला उद्योग पदाधिकारी	सदस्य ।
15.	जिला मत्स्य पालन पदाधिकारी	सदस्य ।
16.	जिला कल्याण पदाधिकारी	सदस्य ।
17.	जिला शिक्षा पदाधिकारी	सदस्य ।
18.	जिला शिक्षा अधीक्षक	सदस्य ।
19.	प्रमंडलीय वन पदाधिकारी	सदस्य ।
20.	जिला लोड बैंक के प्रतिनिधि	सदस्य ।
21.	जिला योजना पदाधिकारी	सदस्य सचिव ।

4. कार्यकारिणी समिति की बैठक महीने में एक बार होगी इसका कार्य और कर्त्तव्य निम्नलिखित होगा :-

(क) विशेष कर जन सामान्य एवं पिछड़ा क्षेत्र एवं लोगों के सामाजिक आर्थिक विकास के लिये तथा जिला योजना के सूत्रण के लिए उपर्युक्त आंकडों का संग्रह संकलन और विशलेषण करना :-

(ख) जिला योजना एवं विकास परिषद् से प्राप्त मार्गदर्शन और राज्य सरकार से प्राप्त अनुदेशों को ध्यान में रखते हुए संगृहीत आंकड़ें के आधार पर जिला योजना तैयार करना और राज्य सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने के लिये इसे परिषद् के समक्ष प्रस्तुत करना,

(ग) अनुमोदित जिला योजना के अन्तर्गत स्कीमों और परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार करना ।

(घ) इस प्रकार तैयार स्कीमों और परियोजनाओं की निधि की उपलब्धता और इस प्रयोजनार्थ समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा प्रत्ययोजित शक्तियॉ को मद्दे नजर रखते हुए स्वीकृति प्रदान करना,

(ड0) स्कीमों और परियोजनाओं के उचित और सामयिक कार्यान्वयन और अनुश्रवण (मोनोटरिंग) के लिए उपर्युक्त कार्रवाई करना,

(च) स्कीमों और परियोजनाओं की वित्तीय और भौतिक प्रगति के साथ-साथ एक कार्यक्रम से दूसरे कार्यक्रम में या एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर में निधि के पुनर्विनियोग की आवश्यकता के बारे में जिला योजना एवं विकास परिषद् तथा राज्य सरकार को अवगत करना,

(छ) जिला में अनुसूचित जातियों के लिये न्यूनतम आवश्यकता आधारित कार्यक्रम आरविशेष संघटक योजना की प्रगति का मोनीटरिंग और

(ज) जिला योजना उत्पादन परिषद् द्वारा जिला के लिए यथानिमित्त नियोजन उत्पादन कार्यक्रम हेतु अपेक्षित मद में तदात्म्य स्थापित करना और जिला योजना में इसका उपबंध करना ।

5. राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि अब 1984-85 की वार्षिक योजना अनुमोदित हो जाएगी तो प्रस्तावित योजना उद्व्यय का 70 प्रतिशत राज्य सेक्टर स्कीमों के लिये अलग कर लिया जाएगा और शेष 30 प्रतिशत जिला स्तरीय स्कीमों के लिये अलग कर लिया जाएगा और निम्नलिखित फार्मूला के आधार पर जिला में आवंटित कर दिया जाएगा और निम्न रूप में वेटेज (महत्व) दिया जाएगा ।

1.	जिला की कुल जनसंख्या	40 प्रतिशत
2.	अनुसूचित जाति/जनजाति की जनसंख्या	10 प्रतिशत
3.	अनुसूचित जातियॉ/जनजातियों से भिन्न सीमान्त कृषकों और भूमिहीन श्रमिकों की जनसंख्या	10 प्रतिशत
4.	साक्षरता में पिछडा़पन	5 प्रतिशत
5.	सिंचाई सुविधा में पिछडा़पन	10 प्रतिशत
6.	आद्योगिक पिछड़ापन	5 प्रतिशत
7.	सड़क और पेय जल में पिछड़ापन	10 प्रतिशत
8.	ग्रामीण विद्युतीकरण में पिछड़ापन	5 प्रतिशत
9.	अन्य चुनी हुई न्यूनतम आवश्यकताओं के लक्ष्य के संबंध में पिछडा़पन	5 प्रतिशत

6. उपर्युक्त फार्मूला अस्थायी है और यह तबतक लागू रहेगा जब तक कि राज्य योजना बोर्ड, व्योरेवार छानवीन के बाद, यह अनुशंसा नही कर देता है कि क्या इस फार्मूला में परिवर्त्तन करना आवश्यक है और यदि हॉ, तो नये तथ्यों की किस वेटेज(महत्व) के साथ लागू करने की आवश्यकता है।

7. जिलों के बीच संविभाजित विभाज्य उद्व्यय को पुनः दो भागों में विभक्त किया जाएगा 80 प्रतिशत सामान्य जिला स्तरीय स्कीमों के लिए अलग रखा जाएगा जो विभिन्न विकास विभागों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा । और शेष 20 प्रतिशत जिला योजना एवं विकास परिषद् के अधिकार में रखा जाएगा, जिसे वह राज्य योजना बोर्ड और राज्य योजना विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शनों के अधीन किसी भी रीति से खर्च करने के लिये सक्षम होगी यह उद्व्यय पुनः दो भागों में विभक्त किया जाएगा :-

(क) विवेकाधीन व्यय, जहॉ जिला योजना और विकास परिषद् परियोजनाओं पर 100 प्रतिशत धन लगा सकती है, किन्तु किसी भी परियोजना पर 5 लाख से अधिक रू0 नही देगी ।

(ख) प्रेरक व्यय तभी दिया जाएगा जब जिला योजना और विकास परिषद् 25 प्रतिशत नगद भूमि, भवन, सामग्री या स्वैच्छिक श्रम के रूपये योगदान करेगी ।

8. जिला योजना एवं विकास परिषद् कमोवेश प्रखंडों में सिद्धान्त के अनुसार रूपया का खर्च करने के लिए देगी जैसा कि जिलों में विभिन्न मदों में खर्च करने के लिए नियम है ।

9. उप विकास आयुक्त कुल योजना व्यय का 30 प्रतिशत खर्च करेगें जिसके लिए जिला योजना और विकास परिषद् का अनुमोदन अपैक्षित होगा । जिला योजना और विकास परिषद् राज्य सरकार के समरूप विभागों को सूचित करते हुए जिला तकनिकी विभागाध्यक्षों के लिये निधि आवंटित करेगी । इस निधि का समुचित हिसाब-किताब रखने के लिए सम्बद्ध विभाग जिम्मेवार रहेगें।

10. जिला योजना और विकास परिषद् जिला कार्यपालिका समिति को समुचित मार्गदर्शन करेगी ताकि सम्बद्ध जिला तकनिकी विभागाध्यक्षों की सहमति से बनाई जानेवाली विभिन्न स्कीमें प्राप्त हो सके । वह परिषद् से उसे अनुमोदित करायेगी अैर उसके बाद (चालू स्कीम के साथ)प्रभावकारी ढ़ग से और तुरंत उसे कार्यान्वित करायेगी । कार्यपालिका समिति स्कीमों के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा करेगी उसकी रूकावटों एवं कठिनाईयों को दूर करेगी । इसी प्रगति के संबंध मे परिषद् और राज्य सरकार को सूचना देगी ।

11. जिला योजना और विकास परिषद् चालू स्कीमों की सभी आवश्यकताओं, विभिन्न क्षेत्रों की जरूरतों, राज्य सरकार या राज्य योजना बोर्ड द्वारा निर्गत मार्गदर्शन के सिद्धान्तों को मद्देनजर रखते हुए जिला योजना एकक द्वारा बनाई गई जिला योजना प्राप्त करेगा और परिषद् को अनुमोदन प्राप्त करने के बाद उसे

सरकार क सम्बद्ध विभागों को भेज देगा । संबंधित विभाग योजना विभाग को 1983-84 की वार्षिक योजना का खंड प्रारूप प्रस्तुत करते समय राज्य सेक्टर स्कीमों के साथ जिला परिषदों द्वारा बनायी गयी योजनाओं का समाविष्ट करेगा । वर्ष 1983-84 को संग्राति काल माना जाएगा जिसमें जिला योजना और विकास परिषद् कार्यपालिका समिति और जिला योजना एकक प्रषिक्षण प्राप्त कर लेगा और 1984-85 से जिलास्तरीय योजना के निमित्त पूरी जिम्मेवारी उठाने के लिए तैयार हो जाएगा ।

12 योजना विभाग ने विभिन्न विभागों को 1983-84 का खंड-उद्व्यय संसूचित करते समय उन्हें परार्मश दिया है कि वे उद्व्यय का जिलावार ब्योरा तैयार करें तथा उसे जिले का प्रस्तुगत लक्ष्यांक निर्धारित करे और उसे जिला योजना और विकास परिषदों को भेजे ।

वे योजना विभाग के परार्मश से निम्नलिखित काम भी करेगें -

(क) जिला और राज्य सेक्टर स्कीमों से संबंधित क्षेत्रों की शिनाख्त पूरा करेगें।

(ख) जिला सेक्टर स्कीमों के क्षेत्रों के लिए जिलों को विधियां के आवंटनार्थ संकेतक बनाएगें ।

(ग) अपने-अपने क्षेत्रों में स्कीमो को बनाने, लागू करने और काम को आगे बढ़ाने के बारे में अपनाये जाने वाले अनुदेशों को अंतिम रूप देगें ।

(घ) जब योजना स्कीमों को बनाने की जिम्मेवारी उनके जिम्मे सौपी गई हो, तब वे स्कीमों को बनाकर तैयार रखेगें जिस पर जिला योजना और विकास परिषद् अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करने के लिए विचार कर सकती है। कार्यपालिका समिति द्वारा बनाई गई और जिला योजना विकास परिषद् द्वारा अनुमोदित जिला योजना को योजना विभाग में भेज दिया जाएगा जो सम्बद्ध विकास विभागों से सम्यक परामर्श करने के बाद उसे राज्य सेक्टर स्कीमों के साथ-साथ योजना आयोग को भेजे जाने वाले वार्षिक योजना के प्रारूप में समीविष्ट कर देगा ।

14. राज्य योजना स्कीमों तथा क्षेत्रीय उद्व्यय पर योजना आयोग की स्वीकृति मिलने पर योजना विभाग विकास विभागों को अंतिम क्षेत्रिय उद्व्यय की सूचना देगा जो राज्य एवं जिला सेक्टर स्कीमों के लिये स्कीमवार उद्व्यय का व्योरा तैयार कर उसे जिला योजना और विकास परिषद् को कार्रवाई करने के भेज देगा ताकि तदनुसार स्कीम लागू की जा सकें ।

15. योजना आयोग को विकेन्द्रीकृत योजना की प्रस्तावित पद्धति के बारे में भी सूचना दी जायगी और उस पर वित्त वर्ष 1984-85 के आरम्भ से उसक लागू होने से पूर्व उसकी स्वीकृति लेनी होगी ।

आदेश:- आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र में प्रकाशित किया जाय और इसकी प्रति सभी सम्बद्ध को भेजी जाय ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह0/-
(कृष्णा सिंह)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक-682/यो0वि0 पटना दिनांक 15 मार्च 1983 ई0

प्रतिलिपि- अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय गुलजारबाग, पटना को प्रेषित करते हुए उनसे अनुरोध है कि इसे राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी 500 (पॉच सौ) प्रतियां इस विभाग को उपलब्ध करायी जाय ।

ह0/-
(कृष्णा सिंह)
आयुक्त एवं सचिव ।

ज्ञापांक-682/यो0वि0 पटना दिनांक 15 मार्च 1983 ई0

प्रतिलिपि- सभी विभाग/विभागाध्यक्षों /क्षेत्रीय विकास आयुक्त, रॉची/ अध्यक्ष बिहार राज्य विद्युत पर्षद पटना /बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना /सभी प्रमंडलीय आयुक्त /सभी जिला दंडाधिकारी /सभी उप विकास आयुक्त /सभी जिला योजना पदाधिकारी /को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-
(कृष्णा सिंह)
आयुक्त एवं सचिव ।

अध्याय–8

बोर्ड के गठन संबंधी सूचना: बिहार राज्य योजना पर्षद्

ANNEXTURE: I
N. 346-PD
PLANNING DEPARTMENT
RESOLUTION
The 6th March, 1972

The State Government had under consideration the question of how the planned development of the State already under way for the last two decades can be further accelerated and oriented to long-term objectives of securing the maximum utilization of resources human and material, so as to raise the living standard of the people and of promoling the rapid achievement of a special order based on quality and justice. With a view to achieve these objectives they have decided to strengthen the Planning Machinery in the State and to constitute the Bihar State Planning Board with effect from the 3rd March, 1972. The Board will be an advisory Body and will make recommendation for the consideration of the State Government. It will have the functions stated below:-

(a) To prepare on inventory of available resources of the State and make an assessment of the material, Capital and human resources including technical personnel and investigate the possibilities and suggest measures for augmenting such of these resources as are found to be deficient in relation to the State's requirements.

(b) To prepare a Perspective Plan for the State for the next 15 to 20 years(covering the period 1974 to 1994) for the optimum and balanced utilization of the State's resources. In formulating such perspective Plan the State Planning Board will:-

(i) Start by setting up desirable and feasible goals for the State income and its distribution between different in view the declared social goal of achieving a socialist society.

(ii) Draw up on estimate of the investment needed in various field of economic activity to achieve the desired target of the rate of growth. These investments will cover the Private and Public sectors, the Central and State Government the Corporative Sectors and Various financial institutions. The Perspective Plan with a spell out the resources required finances needed to implement the programme.

(iii) Will discuss and place the State Government for their consideration, alternative strategies for achieving and goal of growth. Such alternative strategies will include for instances relative importance to be accorded to industry or to agriculture, small industry, or to heavy industry etc. The Perspective Plan will also indicate in terms of Board orders of magniture, the phasing of investments and benefit arising from adoption different strategies.

(iv) Make a special analysis of the level potentials and problems of development in different regions and areas of the State and draw up long-term plans for such regions/ perspective Plan.

(c) To make critical and qualitative appraisal of previous plans and to arrange for long term evaluation of plans and programmes. This will also include exante appraisal of some important projects and programmes specially referred to be the State Government.

(d) To prepare sholvers of projects and recommend priorities.

(e) To make suitable recommendation to the State Government from time to time, as may appear to it to be appropriate either for facilitating the discharge of the duties assigned to its or on a consideration of the prevailing economic conditions.

(f) To make recommendations or give its advice on any matter referred so it by the State Government.

2. The constitution of the Board will be as follows:-

(i)	Governor/Chief Minister	-	Chairman
(ii)	Planning Minister	-	Vice-Chairman
(iii)	Deputy Chairman	-	Whole time having experience in the field of development administration and management. His appointment will be for three years on contract basis.
(iv)	Two Whole Time Members	-	One expert in the field of Economics and the other in the field of Science Engineering of Technology. There appointment will be for three years on contract basis.

(v) Part-Time Members - Development Commissioner& Finance Commissioner will be Part-Time Members.

3. The State Planning Board will have a Whole-Time Secretary and its own Secretariat Staff besides technical and specialised staff as may be sanctioned by the State Government from time to time and their method of recruitment and conditions of services will be laid down by the State Government.

4. The State Government will be appointing authority for the Deputy Chairman, Members and Secretary of the State Planning Board, and the terms and conditions of their services will be such as may be specified by Government by order. The post of the Full-Time Deputy Chairman, Members and Technical and Specialised staff of the Board will be outside the purview of the State Public Service Commission.

5. The State Planning Board will have its headquarters at Patna and will function under the administrative control of the Planning Department or the State Government.

6. The Development Commissioner along with the Secretaries concerned with Development will continue to be responsible for:-

(a) Detailed preparation of Five Year Plan and Annual Plan.
(b) Implementation of all Plans and Programmes.
(c) Monitoring and short-term evaluation of Plans and all programmes/projects, and
(d) All duties and functions being preformed hither to force.

ORDER: Orders that this Resolution be published in the Bihar Gazette and copy forwarded to all concerned.

By order of the Governor of Bihar

Sd/- H. Prasad
Secretary to Government.

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

संख्या-यो0स्था0-70-01/2002- /यो0वि0, पटना, दिनांक दिसमबर, 2006

प्रेषक,

कमलेश्वर गिरि,
सरकार के उप सचिव ।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

अनौपचारिक द्वारा - वित्त विभाग ।
रूप से परामर्शित ।

विषय : योजना एवं विकास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में गठित बिहार राज्य योजना पर्षद् के लिए गैर योजनान्तर्गत सृजित 14 (चौदह) अस्थायी राजपत्रित पदों को दिनांक 1-3-2006 के प्रभाव से स्थायीकरण करने के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय संकल्प संख्या 346 दिनांक 6-3-1972 द्वारा गठित एवं अंतत: संकल्प संख्या 2768 दिनांक 17-8-94 तथा 2724 दिनांक 29-5-2006 द्वारा अगले आदेश तक अवधि विस्तारित बिहार राज्य योजना पर्षद् के लिए गैर योजनान्तर्गत सृजित 14 (चौदह) अस्थायी राजपत्रित पदों का अवधि विस्तार विभागीय राज्यादेश संख्या 2094 दिनांक 8-9-2005 द्वारा दिनांक 1-3-2005 से 28-2-2006 तक के लिए कुल 13,23,576/- (तेरह लाख तेइस हजार पॉच सौ छिहत्तर रूपये) के संभावित व्यय पर किया गया है।

2- इन पदों का अवधि विस्तार तीन वर्षो से अधिक अवधि से होता रहा है तथा भविष्य में भी इनके बने रहने की संभावना है । इसपर सम्यक विचारोपरांन्त राज्य सरकार ने वित्त विभाग के संकल्प संख्या 1360 दिनांक 4-3-2006 के आलोक में बिहार राज्य योजना पर्षद् के लिए गैर योजनान्तर्गत सृजित संलग्न विवरणी के 14 (चौदह) अस्थायी राजपत्रित पदों को दिनांक 1-3-2006 से स्थायी करने का निर्णय लिया है । इसके निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी वे स्वयं है ।

3- इसका व्यय वहन आय-व्ययक शीर्ष ''3451-सचिवालय आर्थिक सेवाएं-101-योजना आयोग-आयोजन वोर्ड-0001-बिहार राज्य योजना बोर्ड'' (विपत्र कोड- एन. 3451001010001) मांग संख्या - 35 के अन्तर्गत समुचित इकाई से विकलनीय होगा ।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक- यथोक्त । ह0/-

(**कमलेश्वर गिरि**)
सरकार के उप सचिव ।

ज्ञापांक –यो0स्था0–70–01/2002– /यो0वि0, पटना, दिनांक दिसमबर, 2006

प्रतिलिपि – कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेवरैया भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/–

सरकार के उप सचिव ।

ज्ञापांक –यो0स्था0–70–01/2002– /यो0वि0, पटना, दिनांक दिसमबर, 2006

प्रतिलिपि – उपाध्यक्ष, बिहार राज्य योजना पर्षद् के सचिव /विकास आयुक्त, बिहार के सचिव/सचिव, योजना एवं विकास विभाग के सचिव/ वित्त विभाग,बिहार, पटना/कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग/ बिहार राज्य योजना पर्षद् के सदस्य सचिव/सदस्य, बिहार राज्य योजना पर्षद्/ सभी पदाधिकारी, बिहार राज्य योजना पर्षद् एवं लेखा शाखा, बिहार राज्य योजना पर्षद् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के उप सचिव ।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

संकल्प

विषय : बिहार राज्य योजना पर्षद् का पुनर्गठन ।

बिहार राज्य योजना पर्षद् का गठन वर्ष 1972 में किया गया था और समय समय पर आवश्यकतानुसार, इसका पुनर्गठन किया गया । बिहार राज्य योजना पर्षद् का अन्तिम पुनर्गठन विभागीय अधिसूचना संख्या 2768, योजना एवं विकास विभाग दिनांक 17-8-1994 द्वारा किया गया जिसके द्वारा इस पर्षद् का कार्यकाल अगले आदेश तक के लिए बढ़ाया गया ।

